दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 27 दिसंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 285 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

सीएम साय का संवेदनशील फैसला, 68 लाख गरीब परिवारों को मुफ्त चावल

अंत्योदय कार्डधारकों को जनवरी 2024 से दिसम्बर 2028 तक चावल नि:शुल्क देगी सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने गरीबों के लिए बड़ा फैसला किया है। अब मुफ्त में चावल दिया जाएगा। ये सुविधा नए साल से शुरू होगी। सरकार ने इस योजना को आने वाले 5 सालों तक चलाने का फैसला लिया है। इस फैसले के तहत राज्य के 67 लाख 92 हजार 153 राशनकार्डधारी परिवारों को फायदा मिलेगा। इसके लिए खाद्य विभाग ने राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी किया है। मुफ्त चावल उचित मूल्य दुकानों (सरकारी राशन दुकानों) के माध्यम से लोगों को मिलेगा। गरीब परिवारों को अगले पांच सालों तक दी गई नि:शुल्क चावल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में भी गरीब परिवारों को अगले पांच साल तक नि:शुल्क चावल देने का निर्णय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लिया है।

इसके चलते उचित मूल्य दुकानों से गरीब परिवारों को नए साल से जनवरी 2024 से दिसम्बर 2028 तक चावल नि:शुल्क मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अन्त्योदय एवं प्राथमिकता श्रेणी के राशनकार्डों पर आगामी 05 वर्ष जनवरी 2024 से दिसंबर 2028 तक मासिक पात्रता का चावल नि:शुल्क वितरण किए जाने के तर्ज पर ही छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत अन्त्योदय, प्राथमिकता, नि:शक्तजन और एकल निराश्रित श्रेणी के राशनकार्डधारियों को आगामी पांच वर्ष नि:शुल्क चावल वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्त्योदय श्रेणी के 14 लाख 92 हजार 438, प्राथमिकता श्रेणी के 52 लाख 46 हजार 656, एकल निराश्रित श्रेणी के 37 हजार 708 और नि:शक्तजन श्रेणी के 15 हजार 351 राशनकार्डधारी लाभान्वित होंगे।

आज बेबाक

ईडी की ये मजाल की घुंघरू सेठ को समन भेज कर अपने दफ्तर में तलब करे? वो कोई आम आदमी नहीं देश की राजधानी नई दिल्ली के मालिक हैं। पहले समन को तो उन्होंने अवैधानिक करार दे दिया था। दूसरा समन मिला तो 10 दिन के लिए विपश्यना ध्यान करने निकल गए। तीसरे समन को भी वो रद्दी की टोकरी के हवाले ही करेंगे। ईडी ने समन भेजने की अभी तो हैट्रिक लगाई है। वह चाहे इसका शतक लगा लें। केजरीवाल की बला से। दरअसल उन्हें लग रहा है कि वे ईडी के दफ्तर जाएंगे तो धर लिए जाएंगे।

मंत्रियों को आज-कल में हो सकता है विभाग आवंटित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मंत्रियों के शपथ ग्रहण को 5 दिन बीत चुके हैं, लेकिन विभागों का बंटवारा अभी तक नहीं हुआ है। हालांकि साय कैबिनेट में किसे क्या जिम्मेदारी मिलेगी, ये तय कर लिया गया है। सूत्रों की मानें तो अंतिम फैसला दिल्ली में हुआ है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। माना जा रहा है कि आज बुधवार शाम तक ऐलान हो सकता है। बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा शपथ ग्रहण के बाद ही दिल्ली गए थे। वहां पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं से लंबी चर्चा हुई थी। बताया जा रहा है कि मंत्रियों के विभागों को लेकर भी बात हुई थी। जिस तरह से साय कैबिनेट में अनुभव और युवाओं को मिश्रण नजर आया था। उसी तर्ज पर विभाग बंटवारे में भी संतुलन दिखने की बात कही जा रही है।

विभाग बंटवारे में संतुलन दिखेगा

विष्णुदेव साय सरकार में 9 मंत्रियों के शपथ लेने के बाद अब 12 सदस्यीय मंत्रिमंडल हो गया है। इसमें 2 डिप्टी सीएम भी हैं। भाजपा अपनी सरकार को वन मैन शो की तरह लोगों के बीच प्रोजेक्ट नहीं होने देना चाहती। ऐसे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्रियों को मिलने वाला संभावित विभाग

सीएम/मंत्री	विभाग
विष्णुदेव साय	वित्त, सामान्य प्रशासन विभाग, खनन
अरूण साव	गृह, जेल, खनन, ऊर्जा खनन
विजय शर्मा	पर्यटन, आवास, पर्यावरण
बृजमोहन अग्रवाल	पीडब्ल्यूडी, राजस्व, आबकारी
रामविचार नेताम	श्रम, पंचायत, ग्रामीण विकास विभाग
ओपी चौधरी	उच्च शिक्षा, लोक कल्याण, खेल
दयालदास बघेल	खाद्य नागरिक आपूर्ति, अल्पसंख्यक
लखनलाल देवांगन	नगरीय प्रशासन, ग्रामोद्योग
केदार कश्यप वन,	आदिम कल्याण विभाग
टंकराम वर्मा	स्कूल शिक्षा, पीएचई
लक्ष्मी राजवाड़े	महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण
श्याम बिहारी जायसवाल	कृषि, पशुपालन, जल संसाधन

ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस आईएनएस इंफाल नौसेना में कमीशंड

मुंबई (एजेंसी)। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती घुसपैठ के बीच नया स्टील्थ गाइडेड मिसाइल से लैस आईएनएस इंफ ाल वॉरशिप भारतीय नौसेना में शामिल हो गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनएस इंफाल को मुंबई डॉकयार्ड में कमीशंड किया। यह वॉरशिप नौसेना की पश्चिमी कमान में शामिल होगा। यह डिस्ट्रॉयर वॉरशिप सतह से सतह पर मार करने वाली 8 बराक और 16 ब्रह्मोस एंटीशिप मिसाइल, सर्विलांस रडार, 76 एमएम रैपिड माउंट गन, एंटी सबमरीन टॉरपीडो से लैस है। रक्षा मंत्रालय के मुंबई स्थित शिपयार्ड मझगांव डॉकशिप बिल्डर्स लिमिटेड ने इंफाल को बनाया है। इस वॉरशिप को बंदरगाह और समुद्र में टेस्टिंग के बाद 20 अक्टूबर 2023 को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था। इंफ ाल पहला वॉरशिप है, जिसका नाम नॉर्थ ईस्ट के एक शहर पर रखा गया है। इसके लिए राष्ट्रपति ने 16 अप्रैल 2019 को मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सरकार ने एमवी केम प्लूटो पर ड्रोन हमले और लाल सागर में एमवी साईबाबा पर हमले को गंभीरता से लिया है। मर्चेंट नेवी जहाजों पर हालिया हमलों के बाद भारत ने समुद्र में गश्त बढ़ा दी है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरिकुमार ने कहा कि हमारे पास समुद्री लुटेरों (पाइरेट्स) और ड्रोन हमलों का मुकाबला करने के लिए 15 अल्फ ा और ब्रावो कैटेगरी के चार विध्वंसक तैनात हैं। इनमें पी-8आई विमान, डोर्नियर्स, सी गार्डियन, हेलीकॉप्टर और तटरक्षक जहाज भी शामिल हैं।

आज रायगढ़ आएंगे लोस अध्यक्ष ओम बिड़ला

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला अपने एक दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर बुधवार को रायगढ़ पहुंचेंगे। यहां वे मध्य भारत के सबसे बड़े सर्व सुविधायुक्त सामाजिक भवन का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी मौजूद रहेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का यह पहला छत्तीसगढ़ दौरा है। उनका रायपुर में कोई कार्यक्रम नहीं है। वह 27 दिसंबर की दोपहर 1.40 बजे रायपुर आकर रायगढ़ जाएंगे। फिर वहां से रात 9.15 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम का आयोजन अग्रोहा धाम चैरिटेबल ट्रस्ट रायगढ़ ने किया है।

एक ही परिवार के 4 ने खाया जहर, पिता-बेटी की मौत

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भिलाई से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां पर एक परिवार के चार लोगों ने जहर खा लिया। इस घटना में पिता और एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं, मृतक की पत्नी सहित दो लोग गंभीर है। जानकारी के मुताबिक, घटना जामुल थाना क्षेत्र के लक्ष्मी पारा की है। यहां रहने वाले वर्मा परिवार के चार लोगों ने जहर खाया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सोमवार 25 दिसंबर की रात हेम लाल वर्मा ने सर्दी खांसी के नाम पर अपनी पत्नी और दो बच्चों को दवाई दी और खुद भी खाया। बताते हैं कि दवाई खाते ही परिवार के सभी लोगों को उल्टी होने लगी, जिसके बाद सभी को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। उपचार के दौरान हेमलाल और बेटी प्रिया वर्मा 14 साल की मौत हो गई। वहीं पत्नी और बच्ची गंभीर है। दोनों का उपचार जारी है। फिलहाल परिवार ने ऐसा क्यों किया इसकी जांच की जा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

मैंने कोई इस्तीफा नहीं दिया, पार्टी में खाई तो दूर, खरोंच तक नहीं : ललन सिंह

पटना (एजेंसी)। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के अपने इस्तीफा की बात को गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि हमने काई इस्तीफा नहीं दिया है। मंत्री और जेडीयू के सीनियर लीडर विजय चौधरी ने भी ललन सिंह के इस्तीफे की बात का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी में खाई तो दूर, खरोंच तक नहीं है। मीडिया में दोपहर 12 बजे से ही जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के इस्तीफे की खबरें सामने आई। डेढ़ घंटे बाद मंत्री विजय चौधरी ने जेडीयू ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें इस्तीफे की बात को गलत बताया। ललन सिंह ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में इस्तीफे से इनकार किया है। 21 जुलाई 2021 में इन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गए थे। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल 2 साल का होता है। ललन सिंह अपना कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। 6 अगस्त 2022 जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिंह ने पार्टी छोड़ी थी। फिर जेडीयू के संसदीय बोर्ड ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिहार के नेताओं संग खड़गे की रणनीतिक बैठक

नई दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा के 2024 में होने वाले चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की मंगलवार को यहां बिहार प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक हुई जिसमें प्रदेश संगठन की चुनाव तैयारियों की समीक्षा की गई।

कांग्रेस की बिहार से जुड़ी यह महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक यहां पार्टी मुख्यालय में हुई जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित पार्टी के कई प्रमुख वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। श्री खड़गे ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा, लोकसभा चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर बिहार प्रदेश कांगेस के नेताओं से चर्चा हुई। बिहार में महागठबंधन सरकार मज़बूती से बिहार के लोगों के लिए आशा के अनुरूप काम कर रही है। हम सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्ध हैं। बिहार की तरक्की, खुशहाली और अमन-चैन के लिए कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता पूरी मेहनत से जन-जन तक जाने को और बिहार के लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप खरा उतरने को तत्पर है।

सीताराम येचुरी ने ठुकराया राममंदिर का निमंत्रण

नई दिल्ली (एजेंसी)। सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने का निमंत्रण ठुकरा दिया है। पार्टी ने मंगलवार 26 दिसंबर को जारी एक बयान में कहा कि धर्म एक व्यक्तिगत पसंद से जुड़ा मामला है। इसलिए निमंत्रण मिलने के बावजूद वह समारोह में शामिल नहीं होंगे। उधर, बीजेपी ने 22 जनवरी के बाद से 2.5 करोड़ लोगों को रामलला के दर्शन कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इसकी जिम्मेदारी बीजेपी के सभी सांसद-विधायकों को सौंपी गई है। पार्टी ने सोशल मीडिया एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा- हमारी नीति धार्मिक मान्यताओं और हर व्यक्ति के विश्वास को आगे बढ़ाने के अधिकार का सम्मान करना है। धर्म निजी पसंद का मामला है, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। पोस्ट में यह भी लिखा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बीजेपी और आरएसएस ने एक धार्मिक समारोह को सरकारी कार्यक्रम में बदल दिया है, जिसमें सीधे प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और बाकी सरकारी पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं। पार्टी ने लिखा है कि भारत में शासन का एक बुनियादी सिद्धांत है।

नए आपराधिक कानूनों को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित तीनों संशोधित आपराधिक कानूनों को अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी भी मिल गई है। भारत सरकार जल्द ही नोटिफिकेशन जारी कर इन कानूनों को लागू कर सकती है। इन कानूनों के बाद अब भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता (द्वितीय) बन गई है। वहीं दंड प्रक्रिया संहिता की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (द्वितीय) ने ली है। इसके अलावा तीसरे कानून भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह भारतीय साक्ष्य संहिता (द्वितीय) ने ले ली है। नए कानूनों के बाद अब उनकी जगह दूसरी धाराओं ने ले ली है। जैसे धोखाधड़ी और ठगी करने वालों के खिलाफ धारा 420 के तहत केस दर्ज किया जाता था, लेकिन अब 316 के तहत केस दर्ज किया जाएगा।

अब बदल जाएगी धाराएं

- भारतीय दंड संहिता की धारा 302 में हत्या की सजा का प्रावधान था. अब हत्या को लेकर सजा धारा 101 के तहत आएगी।
- भारतीय दंड संहिता की धारा 420 धोखाधड़ी का अपराध थी, जबकि नए बिल में धोखाधड़ी धारा 316 के तहत आती है। अब कोई धारा 420 नहीं है।
- भारतीय दंड संहिता की धारा 144 अवैध जमावड़े से संबंधित थी, जिसे अब धारा 187 के नाम से जाना जाएगा।
- भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने, युद्ध छेड़ने का प्रयास ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

विरासत पर गर्व... 'वीर बाल दिवस' के रूप में एक नया अध्याय शुरू हुआ है, वीरता हर भारतीय को ताकत देती है

हम अपनी विरासत पर गर्व करते हैं तो दुनिया अलग नजरिए से देखती है

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुरु गोविंद सिंह जी के बेटों की शहादत को याद करने के लिए मंगलवार (26 दिसंबर) वीर बाल दिवस मनाया गया। इस मौके पर दिल्ली के भारत मंडपम में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी भी पहुंचे। इस दौरान मोदी ने कहा- आजादी के अमृतकाल में 'वीर बाल दिवस' के रूप में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। गुरु गोविंद सिंह और उनके चारों बेटों की वीरता हर भारतीय को ताकत देती है। ये दिवस उन वीरों के शौर्य की सच्ची श्रद्धांजलि है। पीएम ने आगे कहा- हमने पिछले साल से ये दिवस मनाना शुरू किया था। इस साल कई देशों में यह कार्यक्रम मनाया गया। जब हम अपनी विरासत पर गर्व करना शुरू करते हैं तो दुनिया हमें अलग नजरिए से देखती है। भारत वो देश है, जहां चंद्रगुप्त मौर्य जैसा युवा एक महान साम्राज्य बना लेता है। भारत वो देश है, जहां बालक ध्रुव कठोर तपस्या करता है। भारत वो देश है, जहां एकलव्य जैसा वीर कठिन तपस्या करके दिखा देता है। भारत वो देश है, जहां खुदीराम बोस, बटुकेश्वर दत्त, रानी गाइडिल्यू जैसे क्रांतिकारियों ने अपने शौर्य से आदर्श पेश किया। आज जब मैं भारत को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने की बात करता हूं तो मेरे मन में युवा रहते हैं। 2047 का भारत कैसा होगा, इसकी तस्वीर युवाओं को ही बनानी है। सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, रोजगार मिले, सभी को मौके मिलें, हमारी सरकार इसी दिशा में काम कर रही है।

25 साल युवा शक्ति के लिए बड़ा अवसर

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत, दुनिया के उन देशों में से है, जो देश सबसे ज्यादा युवा देश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज विदेशी भी फॉलो कर रहे

इस साल अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूएई और ग्रीस भी वीर बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। जब हम अपनी विरासत पर गर्व करना शुरू कर देते हैं तो दुनिया अलग नजरिए से हमें देखती है। आज भारत को अपने लोगों, उनकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा है। भारत का युवा किसी भी क्षेत्र में, समाज में पैदा हुआ हो, उसके सपने असीम हैं। इन सपनों को पूरा करने के लिए सरकार के पास स्पष्ट रोड मैप है, स्पष्ट विजन है, स्पष्ट नीति है और नीयत में कोई खोट नहीं है।

■ न्यूज़ गैलरी

लद्दाख में 4.5 तीव्रता का भूकंप

श्रीनगर(ए.)। लद्दाख क्षेत्र में मंगलवार को रिक्टर स्केल पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के आंकड़ों में कहा गया है कि सुबह करीब 4.33 बजे रिक्टर स्केल पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। अभी तक कहीं से किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप का केंद्र जमीन से 5 किलोमीटर अंदर था। इसका अक्षांश 34.73 डिग्री उत्तर और देशांतर 77.07 डिग्री पूर्व था। पिछले हफ्ते लद्दाख क्षेत्र में एक के बाद एक पांच भूकंप आए।

क्रिसमस की खुशी मातम में बदली, ढह गया पुल

तिरुवनंतपुरम(ए.)। केरल में

नेयात्तिंकारा के पास एक पुल गिर जाने की वजह से कई लोगों के घायल होने की खबर है। जानकारी के मुताबिक सोमवार रात एक अस्थायी पुल भीड़ की वजह से गिर गया। इस घटना में कम से कम सात से आठ लोग घायल हो गए। कुछ लोगों को गंभीर चोट भी आई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रात करीब 9 बजे ब्रिज पर एक साथ बहुत सारे लोग पहुंच गए। यह मेकशिफ्ट ब्रिज इतने लोगों का वजन नहीं सह सका और एक तरफ झुक गया। इसके बाद लोग नदी में गिरने लगे बता दें कि यह पुल क्रिसमस के मौके पर एक झरने को देखने और वहां सजाई गई झांकियों को देखने केलिए बनाया गया था। क्रिसमस के मौके पर रात में यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक यह ब्रिज जमीन से केवल पांच फीट की ऊंचाई पर था। इस पुल पर एक साथ ज्यादा लोगों को चढ़ने की इजाजत नहीं थी। चेतावनी के बाद भी लोग नहीं माने और एकसाथ सैकड़ों लोग ब्रिज पर चढ़ गए। पुलिस ने बताया कि घटना में घायल हुए लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है।

ईंट भट्ठा की दीवार गिरी, मलबे में दबने से 5 की मौत

रुड़की(ए.)। उत्तराखंड के रुड़की में दर्दनाक हादसा हुआ। यहां ईंट के भट्ठे की दीवार गिरने से पांच श्रमिकों की मौत हो गई। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के लहबोली गांव में सुबह के समय ईंट भट्ठे में कच्ची ईंटों को पकाने के लिए उनकी दीवार बना रहे पांच श्रमिकों की दीवार के गिरने से मौत हो गई, जबकि 8 श्रमिक घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद, एसपी देहात समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। लहबोली गांव में सवानी ब्रिक फील्ड है। यहां पर करीब सौ से अधिक श्रमिक काम कर रहे थे। इस समय भट्ठे पर कच्ची ईंटों की भराई का काम चल रहा है। घोड़ा बुग्गी से श्रमिक ईंटों को भट्ठे के अंदर ले जाकर उनकी दीवार बना रहे थे। इसी बीच कच्ची ईंटों की दीवार भरभराकर गिर गई। जिससे बड़ी संख्या में श्रमिक ईंटों के नीचे दब गए। पूरे इलाके में कोहराम मच गया। आनन-फानन में अन्य श्रमिक मौके की ओर दौड़ पड़े। जेसीबी एवं हाथों से ईंटों को हटाकर निकालने की कोशिश की गई। इस दौरान मुकुल निवासी उदलहेड़ी थाना मंगलौर, साबिर निवासी मिमनाला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश, अंकित निवासी उदलहेड़ी, बाबूराम निवासी लहबोली थाना मंगलौर एवं जग्गी निवासी ग्राम पिनना जिला मुजफ्फरनगर की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा आशु, समीर समेत पांच लोग घायल हो गए है। सूचना पाकर विधायक मोहम्मद शहजाद, एसपी देहात एसके सिंह, एसडीएम विजयनाथ शुक्ला आदि अधिकारी मौके पर पहुंच गए है।

भारतीय वैज्ञानिकों ने लगाया अंतरिक्ष में एक्स-रे विस्फोट का पता

नई दिल्ली(ए.)। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग में सफल रहा भारत अब लगातार अंतरिक्ष की गुत्थियां सुलझाने में व्यस्त है। हाल ही में भारत के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में एक्स-रे विस्फोट की घटना का पता लगाया है। यह विस्फोट अल्ट्राहाई मैग्नेटिक फील्ड (मैग्नेटर) में हुआ। यह खगोलीय घटना इसरो के एस्ट्रोसैट अंतरिक्षयान ने कैद की है। इससे मैग्नेटर से संबंधित स्थितियों को समझने में सहायता मिल सकती है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मुताबिक, मैग्नेटर ऐसे न्यूट्रॉन तारे हैं, जिनमें अल्ट्राहाई चुंबकीय क्षेत्र होता है। यह स्थलीय चुंबकीय क्षेत्र की तुलना में बहुत अधिक मजबूत होता है। मैग्नेटर का चुंबकीय क्षेत्र पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से एक क्वाड्रिलियन (एक करोड़ शंख) गुना अधिक मजबूत होता है।

शोधार्थियों ने बताया, यह सबसे चमकीले विस्फोटों में से एक रहा। इसकी अवधी 90 मिलीसेकंड की रही। मैग्नेटर का अध्ययन करने के लिए रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) और दिल्ली विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एस्ट्रोसैट पर दो उपकरण एलएएक्सपीसी और एसएक्सटी लगाए हैं, जिनके उपयोग से मैग्नेटर का विश्लेषण किया गया। वैज्ञानिकों का प्रमुख उद्देश्य 33 मिलीसेकंड की औसत अवधि के साथ 67 छोटे एक्स-रे विस्फोटों का पता लगाना था। जिस मैग्नेटर से इस विस्फोट का पता चला उसे एसजीआर जे1830-0645 कहा जाता है। अक्टूबर 2020 में नासा के स्विफ्ट अंतरिक्ष यान ने इसकी खोज की थी। यह लगभग 24 हजार वर्ष पुराना न्यूट्रॉन तारा है।

न्यूट्रॉन तारे की सतह से उत्पन्न हुई ऊर्जा

वैज्ञानिकों ने बताया, एसजीआर जे1830-0645 में बनी यह ऊर्जा कई अन्य मैग्नेटर में पाई गई ऊर्जा से भिन्न थी। यह न्यूट्रॉन तारे की सतह से उत्पन्न हुई होगी। इस प्रकार, यह शोध मैग्नेटर्स और उनकी चरम खगोलीय स्थितियों के बारे में हमारी समझ को आगे बढ़ाने में योगदान देता है। शोध दल अब इन अत्यधिक ऊर्जावान विस्फोट की उत्पत्ति को समझने और यह पता लगाने के लिए अपने आगे के अध्ययन का विस्तार करने की योजना बना रहा है कि क्या ये उत्सर्जन खगोलीय है या अन्य प्रकृति के हैं।

6 राज्यों में फैल चुके कोरोना के नए वैरिएंट ने बदला अटैक का तरीका

नई दिल्ली(ए.)। कोरोना का नया वैरिएंट जेएन.1 देश के 6 राज्यों में पैर पसार चुका है। ताजा मामलों में इसके 63 नए केस मिले हैं। लगातार बढ़ रहे कोरोना के नए केसों से ऐक्टिव मामलों की संख्या 4 हजार पार कर गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि नए वैरिएंट के सबसे अधिक केस गोवा से हैं। जबकि, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तेलंगाना में भी जेएन.1 वैरिएंट के कई केस हैं। कर्नाटक सरकार ने आज इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक बुलाई है। कई राज्यों ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों में मास्क जरूरी कर दिया है। इस बीच स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि नए वैरिएंट ने अटैक का तरीका बदला है। लोगों को सलाह दी है कि अगर ये लक्षण महसूस हो रहे हैं तो इन्हें बिल्कुल इग्नोर न

करें। कोरोना वायरस का नया वैरिएंट जेएन.1 देशभर में स्वास्थ्य अधिकारियों की लगातार चिंता बढ़ा रहा है। बढ़ती चिंताओं के बीच, रविवार को इस नए वैरिएंट के 63 नए केसों का पता लगा। एएनआई ने सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि सबसे अधिक केस गोवा से हैं, जहां एक ही दिन में 34 मामले सामने आए। गोवा के अलावा नौ महाराष्ट्र से, आठ कर्नाटक से, छह केरल से, चार तमिलनाडु से और दो तेलंगाना से हैं। राहत की बात यह है कि रिपोर्ट किए गए अधिकांश मामले क्षेत्रों में आपातकालीन जैसी कोई स्थिति नहीं है। अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या में ज्यादा इजाफा नहीं हुआ है। हालांकि केंद्र ने सभी राज्यों से हर तीन महीने में अस्पतालों की मॉक ड्रिल कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा है कि हर कोरोना पॉजिटिव केस को जांच के लिए सेंटर की लैब भेजा जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं यह नया वैरिएंट तो नहीं। इस बीच, देश में कोरोना केसों की

इन लक्षणों को न करें इग्नोर

यूनाइटेड किंगडम के स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि डेटा से जानकारी मिली है कि कोरोना के नए वैरिएंट ने अपने लक्षणों में बदलाव किए हैं। इन लक्षणों में बहती नाक, नींद न आना, खांसी, सिरदर्द, कमजोरी और मांसपेशियों में दर्द और गले में खराश शामिल है। हालांकि यह भी कहा है कि ये लक्षण इंसान की एम्युनिटी पर भी निर्भर करते हैं। शरीर में एंटीबॉडी और इम्युनिटी के आधार पर लक्षणों में बदलाव हो रहे हैं।

ठीक होने के बाद लक्षण

डेटा कहता है कि कोरोना से ठीक होने में सप्ताह भर का समय लग रहा है। इसके अलावा कोरोना से ठीक होने के बाद 6 हफ्तों तक भी कोरोना जैसे लक्षण शरीर पर मौजूद है। इसमें थकान, चक्कर आना, गंध और स्वाद का पता न चलना, घबराहट और पेट संबंधी समस्याएं शामिल हैं।

एक्टिव संख्या 4,054 हो चई है। जिसमें सबसे अधिक मामले केरल से हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, गोवा में 37, कर्नाटक से 344, केरल से 3128 और 50 मामले महाराष्ट्र से हैं। कर्नाटक राज्य में कोरोना के बढ़ते केसों को देखते हुए सरकार पहले ही मास्क लागू कर चुकी है।

पाकिस्तान से बात करो वरना कश्मीर का होगा गाजा जैसा हाल: फारुक अब्दुल्ला

श्रीनगर(ए.)। जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस सांसद फारूक अब्दुल्ला ने एक बार फिर पाकिस्तान राग अलापा है। उन्होंने भारत सरकार पर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से बात करने की अपील की है। साथ ही में वार्ता में हो रही देरी को लेकर भी केंद्र पर सवाल उठाए हैं। इसी दौरान उन्होंने चेतावनी भी दे दी कि 'हमारा हाल भी गाजा जैसा हो जाएगा।' मंगलवार को अब्दुल्ला ने कहा, 'अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि दोस्त बदले जा सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदले जा सकते। अगर हम हमारे पड़ोसियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखेंगे, तो दोनों प्रगति करेंगे।' पीएम मोदी ने भी कहा था कि युद्ध अभी विकल्प नहीं है और मामला वार्ता के जरिए सुलझाया जाना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'वार्ता कहा है? नवाज शरीफ प्रधानमंत्री बनने वाले हैं और वे कह रहे हैं कि हम बातचीत के लिए तैयार हैं। लेकिन क्या कारण है कि हम बातचीत के लिए तैयार नहीं हैं? अगर हम वार्ता के जरिए समाधान नहीं निकालेंगे, तो हमारा हाल भी गाजा और फिलिस्तीन जैसा होगा, जिसपर इजरायल बमबारी कर रहा है...।' खास बात है कि अब्दुल्ला की तरफ से बयान ऐसे समय पर आया है, जब हाल ही में पुंछ में भारतीय सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे। इसके अलावा बारामूला में रिटायर हो चुके पुलिस अधिकारी को मस्जिद के अंदर ही गोली मार दी गई थी। इतना ही नहीं जवानों की तरफसे पूछताछ किए जाने के बाद तीन आम नागरिकों की भी मार दिया गया था।

भारत पहुंचे फ्रांस में अटके भारतीय, 303 यात्रियों को लेकर मुंबई पहुंचा विमान

मुंबई(ए.)। मानव तस्करी के शक में चार दिनों से फ्रांस में फंसा हुआ विमान मंगलवार को मुंबई पहुंच गया है। विमान में 300 से ज्यादा यात्री सवार हैं, जिनमें अधिकांश भारतीय हैं। विमान को चार दिनों तक फ्रांस की राजधानी पेरिस में रोक लिया गया था। रविवार को ही अधिकारियों ने विमान को दोबारा उड़ान भरने की अनुमति दी थी, जिसके बाद सोमवार को पेरिस से रवाना हुआ था। खबर है कि एयरबस 340 मंगलवार सुबह करीब 4 बजे मुंबई एयरपोर्ट पहुंचा है। विमान ने फ्रांस के वैट्री एयरपोर्ट से देर रात करीब 2 बजकर 30 मिनट पर उड़ान भरी थी। रोमानिया की

कंपनी का यह विमान यात्रियों को लेकर निकारागुआ जा रहा था। विमान ने दुबई से उड़ान भरी थी। मानव तस्करी के शक में विमान को रोका गया था।

वापस लौटे 276 यात्री

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान में 276 लोग सवार थे। 2 नाबालिगों समेत करीब 25 यात्रियों ने शरण के लिए आवेदन देने की इच्छा जताई थी और वे फिलहाल फ्रांस में ही हैं। शरणार्थी के आवेदन की जांच रोइजी-चार्ल्स डे गॉ एयरपोर्ट की जाएगी। कहा जा रहा है कि इससे पहले विमान सुबह करीब 10 बजे उड़ान भरने वाला था, लेकिन कुछ यात्रियों के अपने देश वापस लौटने से इनकार करने के बाद इसमें देरी हुई। 'मानव तस्करी' के संदेह में पेरिस से 150 किलोमीटर पूर्व में वैट्री हवाई अड्डे पर फ्रांसीसी अधिकारियों ने विमान को रोक लिया था। इसके बाद हिरासत में लिए गए 303 यात्रियों से चार फ्रांसीसी न्यायाधीशों ने रविवार को पूछताछ शुरू की। यह सुनवाई मानव तस्करी के संदेह पर पेरिस अभियोजक के कार्यालय द्वारा शुरू की गई जांच के हिस्से के रूप में की जा रही थी।

साहिबज़ादों का अदम्य साहस: 'वीर बाल दिवस' में शामिल हुए पीएम मोदी

नई दिल्ली(ए.)। साहिबजादों के अदम्य साहस की कहानी से देशवासियों को अवगत व शिक्षित करने के प्रयास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी 26 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री दिल्ली में युवाओं के मार्च-पास्ट को भी झंडी दिखाएंगे। इस दिवस को मनाने के लिए सरकार नागरिकों, विशेषकर छोटे बच्चों को साहिबजादों के अदम्य साहस की कहानी से अवगत कराने और शिक्षित करने के लिए पूरे देश में सहभागी कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

गाजा में हमलों के बीच क्रिसमस पर अमेरिका ने खोला एक और मोर्चा, इराक में ताबड़तोड़ हमले

नई दिल्ली(ए.)। गाजा पट्टी पर इजरायल के हमलों के बीच अमेरिका ने भी क्रिसमस के मौके पर एक नया मोर्चा खोल दिया है। अमेरिका ने इराक में तीन जगहों पर हवाई हमले किए हैं। इन जगहों का इस्तेमाल ईरान समर्थक फोर्स कर रही थीं। इनमें से एक ठिकाने पर हिजबुल्लाह के लड़ाके भी जमे हुए थे। इससे पहले अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाते हुए हमला हुआ था, जिसमें तीन सैनिक घायल हुए थे। उसी का बदला लेते हुए अमेरिका ने यह कार्रवाई की है।

हमले को लेकर अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि यह जरूरी और सही कार्रवाई थी। ऑस्टिन ने एक्स पर हमले की जानकारी देते हुए लिखा, 'जो

बाइडन के आदेश पर अमेरिका ने हिजबुल्लाह और उससे जुड़े समूहों के इराक स्थित तीन ठिकानों पर हमले किए हैं। ईरान समर्थित उग्रवादी संगठनों ने पिछले दिनों इराक और सीरिया में अमेरिकी ठिकानों पर अटैक किए थे। ये हमले उसका ही जवाब हैं।' इस हमले में तीन अमेरिकी सैनिक घायल हो गए थे, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। ऑस्टिन ने कहा कि मेरी प्रार्थनाएं बहादुर अमेरिकी सैनिकों के साथ हैं, जो आज गंभीर रूप से घायल हुए हैं।' उन्होंने कहा कि अमेरिकी हितों की रक्षा के लिए जो बाइडेन सरकार एक इंच भी पीछे नहीं हटेगी और किसी भी ऐक्शन से परहेज नहीं होगा।' बयान में कहा गया, 'एक बात साफकहूंगा कि अमेरिका, सैनिकों और देश के हितों के लिए राष्ट्रपति बाइडेन और मैं जरूरी कार्रवाई से हिचकेंगे नहीं। इससे ज्यादा हमारी कोई प्राथमिकता नहीं है। हम युद्ध नहीं चाहते, लेकिन अपने बचाव में जरूर आएंगे।' दरअसल कतैब हिजबुल्लाह एक शिया उग्रवादी संगठन है। इसकी स्थापना 2007 में की गई थी। माना जाता है कि इसके पीछे ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स का हाथ है।

अगले 3-4 दिनों तक छाया रहेगा घना कोहरा, फेफड़े कर सकता है खराब

नई दिल्ली(ए.)। उत्तर भारत के कई इलाके इन दिनों घने कोहरे का सामना कर रहे हैं। मंगलवार सुबह में कोहरे की मार कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है। मौसम विभाग का कहना है कि कोहरे के प्रकोप से आने वाले 3-4 दिनों तक राहत नहीं मिलने वाली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'अगले तीन-चार दिनों तक उत्तर-पश्चिम और सेंट्रल इंडिया में घना से बहुत घना कोहरे देखने को मिल सकता है।' आईएमडी ने मंगलवार को सेटेलाइट तस्वीर जारी की जिसमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश कोहरे में डूबे नजर आ रहा है। विभाग की ओर से बताया गया कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश में न्यूनतम तापमान 6-10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने वाला है। इसके अलावा राजस्थान, पूर्वी यूपी, मध्य प्रदेश और झारखंड में न्यूनतम तापमान 11-12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। देश के ज्यादातर हिस्सों में मंगलवार को न्यूनतम तापमान नॉर्मल या सामान्य से थोड़ा ज्यादा रहने वाला है। अगर राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां भी आज घना कोहरा छाया रहा और सुबह में मिनिमम टेंपरेचर 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

फारूक अब्दुल्ला ने की भविष्यवाणी, नवाज शरीफ होंगे पाक के नए पीएम

नई दिल्ली(ए.)। इमरान को छोड़िए, पाकिस्तान में अगले साल लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी को अभी तक चुनाव आयोग ने हरी झंडी नहीं दी है। उधर, लंदन में अज्ञातवास भोगने के बाद नवाज शरीफकी पाकिस्तान में री एंट्री हो चुकी है। नवाज पूरे पाकिस्तान में धुआंधार रैलियां कर रहे हैं। चुनावी विशेषज्ञों की भी राय है कि नवाज के एक बार फिर पाकिस्तान के नए वजीर-ए-आजम बनने के पूरे चांस हैं। खुद उनके छोटे भाई शहबाज शरीफभी जनता के बीच इस बात का डंका बजाते रहे हैं कि नवाज ही हैं, जो पाकिस्तान की मौजूदा दुर्दशा को संवार सकते हैं। हालांकि कुछ स्थानीय पोल्स बता रहे हैं कि बिलावल भुट्टो और नवाज के बीच टक्कर देखने को मिल सकती है। फारूक अब्दुल्ला ने भी बड़ी भविष्यवाणी कर दी है। उनका कहना है कि इमरान खान को छोड़िए, नवाज शरीफपाकिस्तान के नए पीएम बनने वाले हैं।

घाटी में आतंक के पीछे पाक -चीन का हाथ, आतंकियों को करा रहे हथियार मुहैया

श्रीनगर(ए.)। जम्मू कश्मीर में सेना पर हमले के लिए आतंकवादी चीन में बने हथियार और संचार यंत्रों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इनमें बॉडीसूट कैमरे भी शामिल हैं। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। गौरतलब है कि पाकिस्तान को ड्रोन्स और हैंड ग्रेनेड्स की सप्लाई चीन के द्वारा की जाती है। इन्हें खुद इस्तेमाल करने के बजाए पाकिस्तानी सेना पीओके और सीमा पर तैनात जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों को दे रही है। हालिया हमलों के बाद यही हथियार जम्मू-कश्मीर के आतंकियों के पास से बरामद हो रहे हैं। इसके पीछे चीन का एक खास मकसद भी है। वह पाकिस्तान के जरिए घाटी में

आतंक फैलाकर लद्दाख से भारतीय सैनिकों की तैनाती हटवाना चाहता है।

पाकिस्तान से मिल रही बंदूकें

जानकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में आतंकी भारतीय सैनिकों के खिलाफ चीनी टेक्नोलॉजी वाली बंदूकें इस्तेमाल कर रहे हैं। इंडिया टुडे के मुताबिक इन आतंकियों को यह बंदूकें पाकिस्तान से मिल रही हैं। नवंबर में जम्मू बॉर्डर पर हुए ऐसे ही एक आतंकी हमले में भारतीय सैनिकों के खिलाफ स्नाइपर गन का इस्तेमाल किया गया था। इसके अलावा तीनों हमलों की जो तस्वीरें आतंकी संगठनों ने जारी की हैं, वह चीन में बने बॉडी कैमरों से ली गई थीं। जानकारी में यह भी बताया गया है कि इन तस्वीरों को न सिर्फएडिट किया गया था, बल्कि मॉर्फ्ड भी किया गया था। इसके अलावा आतंकी कम्युनिकेशन के लिए जिन एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग डिवाइस का इस्तेमाल कर रहे थे, वह भी चाइनीज ही हैं।

चीन को क्या है तकलीफ

असल में लद्दाख में ऊंची पोस्टों पर भारतीय सैनिकों की तैनाती से चीन परेशान है। साल 2020 में गलवान में आमना-सामना होने के बाद से ही चीन के इरादे ठीक नहीं हैं।

वह जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं को बढ़ावा देकर भारतीय सेना का ध्यान बंटाना चाहता है। इसके पीछे चीन की मंशा है कि लद्दाख से भारतीय सैनिकों को हटाकर उन्हें फिर से कश्मीर में तैनात कर दिया जाए। सिर्फइतना ही नहीं, चीन की मदद से पाकिस्तान अपनी साइबर विंग को मजबूत बना रहा है। यह वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल के जरिए गुप्त रूप से निगरानी करना चाहता है। चीन साइबर युद्ध के लिए पाकिस्तान के लिए एक अलग सूचना सुरक्षा प्रयोगशाला की बनाने के लिए भी पैसे दे रहा है।

ईसाई बनने वालों को न मिले एसटी कोटा, दिल्ली में जुटेंगे हजारों आदिवासी

नई दिल्ली(ए.)। हिंदू से ईसाई या अन्य धर्मों में गए जनजातीय लोगों को आरक्षण दिया जाए या नहीं, यह बहस लंबे समय से रही है। इस बीच दिल्ली में एक बड़ा आंदोलन होने जा रहा है, जिसमें देश भर से आने वाले हजारों आदिवासी जुटेंगे और मांग करेंगे कि धर्मांतरण करने वाले आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर किया जाए और उन्हें आरक्षण न मिले। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर रांची में करीब 50 हजार आदिवासी जुटे थे और यही मांग की। यह आयोजन जनजाति सुरक्षा मंच ने आयोजित किया था, जिसे आरएसएस से

आर्थिक लाभ भी हासिल हुए हैं। इसके चलते वे उन आदिवासियों से मजबूत स्थिति में हैं, जिन्होंने अपना धर्म नहीं बदला है। धर्मांतरण करने वाले आदिवासियों को सूची से बाहर करने की मांग प्रभावित माना जाता है। कहा जा रहा है कि यह संगठन देश के सभी हिंदू आदिवासियों को एक मंच पर लाने का काम कर रहा है। जनजाति सुरक्षा मंच का कहना है कि आदिवासी समाज के जिन लोगों ने ईसाई धर्म अपना लिया है, उन्हें चर्च और मिशनरी से मदद मिल रही है। उनके बच्चों को पढ़ने की सुविधा मिल रही है और करने वालों का तर्क है कि इन लोगों को चर्च के माध्यम से विदेशी फंड मिल रहा है। आरक्षण का लाभ मिल रहा है और सरकार की ओर से अल्पसंख्यकों के लिए चल रही योजनाओं का फायदा भी ये उठा रहे हैं।

पूरा आरक्षण तो इन 15 फीसदी को मिल रहा : करिया मुंडा

इस तरह इन लोगों को धार्मिक अल्पसंख्यक का भी लाभ मिल रहा है और जातीय आरक्षण भी हासिल हो रहा है। यह विरोधाभासी है और नियम के खिलाफहै। रांची में हुई रैली की अध्यक्षता करने वाले लोकसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर करिया मुंडा ने कहा, 'धर्मांतरण करने वाले आदिवासियों की संख्या 15 से 20 फीसदी है, लेकिन जब हम सरकारी नौकरियों और क्लास वन अधिकारियों की बात करते हैं तो उनमें इनकी भागीदारी कुल आदिवासियों के मुकाबले 90 फीसदी तक है।' धर्मांतरण करने वाले आदिवासियों की सूची से बाहर करने की मांग नई नहीं है, लेकिन रांची में हुए आयोजन ने इसे मजबूती दी है।

मूल आदिवासियों के लिए था कोटा, पर लाभ ले रहे ईसाई

अब जनजाति सुरक्षा मंच दिल्ली में बड़ी रैली की तैयारी में है। फरवरी में होने वाली इस रैली के लिए अभी तारीख तय नहीं है। संगठन का कहना है कि रांची से पहले मुंबई, नागपुर जैसे शहरों में भी ये मीटिंग हो चुकी हैं। अब इसे राष्ट्रव्यापी स्वरूप देने के लिए दिल्ली में रैली होगी। संगठन के राष्ट्रीय सह-संयोजक राजकिशोर हंसदा ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने एसटी आरक्षण इसलिए लागू किया था ताकि देश की 700 मूल जनजातियों को सुविधा मिल सके, लेकिन उसका पूरा लाभ चर्च समर्थक लोगों को मिल रहा है।

सपा नेता मौर्य ने फिर उगला जहर कहा- हिंदू धर्म नहीं धोखा है



नई दिल्ली(ए.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य अक्सर हिंदू और सनातन विरोधी बयानों से विवादों में घिर जाते हैं। एक बार फिर स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिंदू धर्म के खिलाफ जहर उगला है। सपा नेता ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा,हिंदू एक धोखा है। वैसे भी 1995 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हिंदू कोई धर्म नहीं है, यह जीवन जीने की एक शैली है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी दो बार कहा है कि हिंदू नाम का कोई धर्म नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा है कि हिंदू धर्म कोई धर्म नहीं है। वहीं, दो महीने पहले गडकरी जी ने भी कहा, लेकिन इन लोगों के कहने से किसी की भावना आहत नहीं होती है, लेकिन स्वामी प्रसाद मौर्य कह देते हैं हिंदू कोई धर्म नहीं है, बल्कि धोखा है और जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं तो यह कुछ लोगों के लिए धंधा। जब ये बात मैं कहता हूं तो लोगों की भावना आहत हो जाती है, लेकिन जब ये बात पीएम मोदी और मोहन भागवत कहते हैं तो किसी की भावना आहत नहीं होती है। बता दें कि सोमवार (25 दिसंबर) को समाजवादी पार्टी की महा ब्राह्मण समाज पंचायत में अखिलेश यादव ने हिस्सा लिया था।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनभागीदारी के मामले में छग देश के अग्रणी राज्यों में शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव डॉ. के. चन्द्रशेखर ने आज नवा रायपुर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि एवं पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की समीक्षा की। विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ राज्य में 16 दिसम्बर से हुआ है। इस यात्रा का उद्देश्य केन्द्र सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं का पूरे राज्य में व्यापक प्रचार-प्रसार तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। डॉ. के. चन्द्रशेखर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का मीडिया के सभी माध्यमों से व्यापक प्रचार करने के साथ ही इसका डाक्यूमेंटेशन किए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने स्थानीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्र के प्रतिभावान् लोगों का डाटाबेस भी तैयार करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय अतिरिक्त सचिव डॉ. के. चन्द्रशेखर ने छत्तीसगढ़ में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनभागीदारी विशेषकर महिलाओं की बढ़-चढ़कर भागीदारी पर प्रसन्नता जताई।

संकल्प यात्रा में छत्तीसगढ़ के लोगों की औसत जनभागीदारी 30 प्रतिशत से अधिक है, जबकि इस यात्रा में जनभागीदारी का राष्ट्रीय औसत 10 प्रतिशत है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुब्रत साहू, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव और विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. चंदन संजय त्रिपाठी, उप सचिव कृषि तुलिका प्रजापति, डिप्टी कमिश्नर केशव वर्मा एवं चन्द्रप्रकाश पात्रे मौजूद थे।

अब तक यह यात्रा 1760 ग्राम पंचायतों में पहुंची

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने छत्तीसगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में चल रही मोबाइल वेन के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के साथ ही इसमें लगे ऑडियो-वीडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री जी के संदेश का प्रसारण किए जाने के साथ ही लाइव प्रोग्राम भी दिखाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक यह यात्रा 1760 ग्राम पंचायतों में पहुंची है, जिसमें 12 लाख लोग शामिल हुए हैं, जिसमें महिलाओं की संख्या 6 लाख 42 हजार से अधिक है। प्रत्येक पंचायत में आयोजित संकल्प यात्रा औसत रूप से 681 लोगों की भागीदारी रही है, जो कि पंचायतों की औसत जनसंख्या के मान से 30 प्रतिशत से अधिक है।

9.66 लाख लोगों ने लिया संकल्प

अब तक इस यात्रा के माध्यम से 9.66 लाख लोगों ने विकसित भारत के सपने को साकार करने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, टीबी एवं सिकलसेल के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, केसीसी कार्ड, लैण्ड रिकार्ड को अपडेट किए जाने के साथ ही अन्य योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। संकल्प यात्रा के अवसर पर गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर अब तक 3.63 लाख लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया है। टीबी एवं सिकलसेल बीमारी के परीक्षण के लिए 3 लाख 12 हजार लोगों की स्क्रीनिंग की गई है।

1446 ग्राम पंचायतों में लैण्ड रिकार्ड अपडेट किया

संयुक्त सचिव एवं स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने बताया कि संकल्प यात्रा के दौरान क्विज प्रतियोगिता, मेरी कहानी-मेरी जुबानी, धरती कहे पुकार जैसी गतिविधियों में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। उन्होंने बताया कि राज्य में लगभग 85 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। संकल्प यात्रा के दौरान छूटे हुए लोगों को भी कार्ड बनाकर दिया जा रहा हैं। संकल्प यात्रा के माध्यम से 991 ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत लोगों को कार्ड बनाकर दिया जा चुका है। 1446 ग्राम पंचायतों में लैण्ड रिकार्ड अपडेट किया गया है।

न्यूज गैलरी

आज रायगढ़ में रोड शो और अग्रोहा धाम का लोकार्पण करेंगे सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 27 दिसम्बर को रायगढ़ जिला मुख्यालय में आयोजित रोड-शो कार्यक्रम एवं अग्रोहा धाम के लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे। रायगढ़ में मुख्यमंत्री के रोड शो एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर जोरों से तैयारियां जारी है। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री साय 27 दिसम्बर बुधवार को रायपुर विवेकानंद एयरपोर्ट से विशेष विमान से दोपहर 02 बजे रवाना होकर 02.40 बजे जिंदल एयरस्ट्रीप रायगढ़ पहुचेंगे और अपरान्ह 03 बजे वहां से रायगढ़ के कबीर चौक जाएंगे। मुख्यमंत्री कबीर चौक से शुरू होने वाले रोड-शो कार्यक्रम में शामिल होने के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 05.45 बजे से लेकर 07.45 बजे तक रायगढ़ में अग्रोहा धाम के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री इसके पश्चात रायगढ़ के होटल ट्रिनिटी ग्रैंड में पत्रकारों एवं वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम रायगढ़ सर्किट हाउस में करेंगे।

महिला के गले से सोने की चेन पार

रायपुर/नवप्रदेश। रिक्शा में सवार बुजुर्ग महिला के गले से अज्ञात चोर ने सोने की चेन पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अमृत बाई 77 वर्ष इंदापारा भिलाई 3 की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया पचपेड़ी नाका ओव्हरब्रीज के पास से ई-रिक्शा में बैठक बस स्टेण्ड जा रही थी, तभी अज्ञात चोर ने उसके गले से सोने का चेन पार कर दिया। चोरी गए चेन की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक पर धारदार हथियार से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। रामसागरपारा में दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंदू साहू 25 वर्ष भोईपारा आजाद चौक का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी रामसागरपारा के तरफ गया था। तभी आरोपी प्रितम साहू व सलमान प्रार्थी के पास आया और प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मोबाइल छीनकर भाग रहा युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। गुरूनानक चौक स्थित निवेदिता स्कूल के पास बाइक सवार तीन युवक एक युवती के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग रहे थे। तभी गिर जाने से एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में गंज पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया देवकी साहू 18 वर्ष अपनी सहेली के साथ पैदल घर जा रही थी, तभी गुरूनानक चौक स्थित निवेदिता स्कूल के पास बाइक सवार तीन युवक पीछे से आए और प्रार्थिया के हाथ से मोबाइल छीनकर भागने लगे। तभी मोबाइल पकड़े युवक नीचे गिर गया। जिससे आसपास के लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी सौरव श्रीवास्तव 20 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रजबंधा मैदान के पास मौदहापारा पुलिस ने गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी शेख इस्लाम 18 वर्ष को पकड़कर उसकी पैंट की तलाश ली, तो उसके पास से 100 ग्राम गांजा और नकदी 560 रुपए मिला।

राजधानी रायपुर में बनेगा एक और नालंदा परिसर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विद्यार्थियों के हित में आज एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि राजधानी रायपुर में नालंदा परिसर की तर्ज पर एक और नालंदा परिसर का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने युवाओं की मांग पर यह घोषणा आज सुशासन दिवस पर नालंदा परिसर में आयोजित छाया-चित्र प्रदर्शनी के शुभारंभ के दौरान की। यह प्रदर्शनी भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आधारित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी रायपुर में नये नालंदा परिसर के निर्माण के साथ-साथ वर्तमान में संचालित नालंदा परिसर की सुविधाओं में भी बढ़ोतरी की जाएगी। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से पीएससी, यूपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को बड़ा लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान नालंदा परिसर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से बातचीत भी की। उल्लेखनीय है कि नालंदा परिसर में वर्तमान में ढाई हजार पाठकों के बैठने की सर्वसुविधा युक्त व्यवस्था है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए यह लायब्रेरी मददगार साबित हो रही है। यह लायब्रेरी 24 घंटे संचालित हो रही है। मुख्यमंत्री ने लायब्रेरी में विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी एवं विधायक आरंग खुशवंत साहेब , विधायक रायपुर (ग्रामीण) मोतीलाल साहू भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि मंत्री ओपी चौधरी जब रायपुर के कलेक्टर थे तब उनकी पहल पर नालंदा परिसर का निर्माण कराया गया है।

10 जनवरी से शुरू होगी 10वीं और 12वीं की प्रायोगिक परीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से 10वीं-12वीं बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं 10 जनवरी 2024 से आयोजित होंगी। इन परीक्षाओं की फ इल और प्रोजेक्ट छह महीने तक सुरक्षित रखी जाएंगी। प्रायोगिक-प्रोजेक्ट और थ्योरी परीक्षाओं के लिए पासिंग मार्क जरूरी है। इनके अंक वार्षिक परीक्षा में जुड़ेंगे। गौरतलब है कि कुछ स्कूलों द्वारा समय पर माशिमं को परीक्षा के रिकार्ड नहीं भेजे जाते, इससे बोर्ड का परिणाम प्रभावित होता है और बोर्ड को उनके परिणाम रोकने पड़ते हैं। इन सबको देखते हुए स्कूलों को माशिमं ने छह माह तक रिकार्ड रखने के निदेश दिए हैं। छग बोर्ड

द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नियमित छात्र-छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा 10 से 31 जनवरी के बीच आयोजित होगी। इस वर्ष बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को कोई अतिरिक्त मौका नहीं दिया जाएगा। प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए बाहरी परीक्षकों की नियुक्ति होगी। वहीं, छत्तीसगढ़ बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं मार्च में हो सकती हैं। हालांकि अभी अधिकृत सूचना नहीं आई है। पिछले कई सालों से मार्च के एक से पांच तारीख के बीच से परीक्षाएं शुरू हो

गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू सीएस ने ली उच्च स्तरीय बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 गरिमापूर्ण मनाने और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों के लिए आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य शासन के विभिन्न विभागों के उच्च स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में डी.जी.पी. अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू और रेणु जी पिल्ले शामिल हुई। मुख्य सचिव ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के आयोजन के संबंध में तमाम व्यवस्था और तैयारियों के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए है। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस ग्राउंड रायपुर में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियों के लिए अधिकारियों को सभी जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक सभी दिशा-निर्देश दिए गए है। बैठक में मंच, पंडाल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, माननीय राज्यपाल और मुख्यमंत्री जी के संदेश सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम यातायात, सुरक्षा, साफ-सफाई सहित अन्य तमाम व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में वन एवं गृह विभाग के प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डी.डी. सिंह, राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा आदि उपस्थित थे।

प्रेरणादायक है सिख समाज का गौरवशाली इतिहास : सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वीर बाल दिवस के मौके पर रायपुर के कचहरी चौक पर स्थित माता सुंदरी पब्लिक स्कूल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने स्कूल में गुरू गोविंद सिंह के साहबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फ्तेह सिंह की याद में लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए वीर साहबजादों की तस्वीर पर दीप जलाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि वीर बाल दिवस पर गुरू गोविंद सिंह जी के परिवार के बलिदान और उनके सुपुत्रों की शहादत को याद किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वीर बाल दिवस के अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि आज हमारा सौभाग्य है कि हम सभी यहां वीर बाल दिवस मनाने एकत्र हुए हैं।

आज का दिन गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों साहिबजादों की शहादत का दिन है, जिन्होंने मुगलों के दबाव और यातनाओं बावजूद भी हार नहीं मानी और मात्र छह और नौ वर्ष की आयु में शहादत को स्वीकार किया जिसके लिए उन्हें दीवार में चुनवा दिया गया । मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख समाज

का इतिहास ऐसी ही कुर्बानियों से गौरवशाली बना हुआ है। श्री साय ने कहा कि भारत के ऐसे गौरवशाली इतिहास को लोगों के सामने लाने का काम हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है और इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। हम सभी को इस बात पर गर्व है कि देश दुनिया में साहिबजादों को याद रखने के लिए आज के दिन को वीर बाल दिवस के रूप में दिन मनाने का ऐलान किया गया है। माता सुंदरी पब्लिक स्कूल के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस स्कूल का नामकरण वीर साहिबजादों की मां माता सुंदरी के नाम पर हुआ है , इस संस्था को मेरी बहुत शुभकामनाएं हैं। यह स्कूल लगातार तरक्की करता रहे यही मेरी सुभेच्छा है। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में हमने जो भी वादा किया है, उसे हमारी सरकार जरूर पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि इस गारंटी के अंतर्गत ही हमारी सरकार बनते ही राज्य में हमने 18 लाख पात्र परिवारों को मकान देने का निर्णय लिया और सुशासन दिवस पर 12 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में 3700 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि ट्रांसफर कर दिया है। वीर बाल दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि वो आज के दिन को वीर बालकों की शहादत की याद में वीर बाल दिवस के रूप में घोषित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस के आयोजनों में शामिल होने के लिए अन्य कार्यक्रमों को रद्द कर दिया और सिर्फ वीर बाल दिवस में शामिल होने की सहमति दी। उन्होने कहा कि स्कूल के बच्चों को किस बात से प्रेरणा लेनी है, इस बात का निर्णय समाज को लेना होगा और बच्चों को बताना होगा कि दो छोटे बालकों ने कैसे निडर रहते हुए शहादत दे दी और दुश्मनों के आगे नहीं झुके।

छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने वीर बाल दिवस के अवसर पर सभी को बधाई देते हुए इसे पूरे देश में राष्ट्रीय आयोजन के रूप में मनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने अपने बच्चों को निडर रहने और दुश्मनों के सामने न झुकने की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि सिख समाज अपने सेवा, समर्पण और बलिदान और बहादुरी के लिए जाना जाता है।

कांग्रेस को किसान और गरीबों का कल्याण बर्दाश्त नहीं : संजय

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने बोनस की राशि को लेकर कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए कहा- कांग्रेस को बीजेपी का किसानों, गरीबों का कल्याण बर्दाश्त नहीं। बीजेपी ने तंज कस्ते हुए कहा, भाजपा ने 18 लाख आवासहीन परिवारों के लिए आवास मंजूर कर बजट का इंतजाम किया। अटल जी की जयंती पर किसानों को दो साल का बकाया बोनस दे दिया गया तो इसमें भी कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। मोदी जी की गारंटी के तहत 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीद रहे हैं तो इसमें भी कांग्रेस को कष्ट यह है कि लोकसभा चुनाव में वह शून्य में गोते लगाने वाली है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों को उनका हक दिया है। कांग्रेस ने किसानों को धोखा देने का काम किया। उन्होंने कहा कि हर किसी के साथ फर्जीवाड़ा करना कांग्रेस की संस्कृति है। फर्जीवाड़े के अलावा कांग्रेस ने 5 साल में कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि हार के बाद कांग्रेस जनता का अपमान करती है। अब जनता की सरकार को ईवीएम की सरकार बताते कांग्रेस को लज्जा आनी चाहिए। सत्ता में रहते हुए जनता को लूटा, जनता का अपमान किया। जनता का उत्पीड़न किया। जनता ने कांग्रेस को सत्ता से उखाड़ कर फेंक दिया तो अब जनादेश का अपमान करने पर उतर आए। कांग्रेस की यही रीति नीति है। कांग्रेस को सच स्वीकार करना चाहिए कि जनता ने उसे उसके कर्मों का फल दिया है।

न्यू ईयर में हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

- **बड़े आयोजनों और चौक-चौराहों पर रखी जाएगी सीसीटीवी कैमरे से नजर**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने नव वर्ष के अवसर पर होने वाले आयोजनों तथा 31 दिसम्बर की शाम को शहर की कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि नव वर्ष के पूर्व संध्या को शहर में शांति व्यवस्था बनी रहें। शहर के प्रमुख सड़कों पर यातायात व्यवस्था अच्छी हो। आम नागरिकों को किसी भी प्रकार का तकलीफ सामना ना करना पड़े। नव वर्ष पर आयोजन रात्रि सवा 12 बजे की समयावधि के भीतर किया जाए। उन्होंने हुड़दंग करने वाले तत्वों पर नजर रखने त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि पुलिस विभाग शहर के चिन्हित इलाके जैसे तेलीबांधा, वीआईपी रोड, नया रायपुर इत्यादि स्थानों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करें और निरंतर गश्त करें। चौक

चौराहों पर जमावड़ा लगाने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, दो पहिया वाहनें पर दो से अधिक सवारी, तेज गति से वाहन चलाने वालों तेज हॉर्न बजाने वालों पर रोक लगाएं और कड़ी कार्यवाही करें। डॉ. भुरे ने कहा कि जो भी होटल, रेस्टोरेंट में ऐसे आयोजन, जिसका स्वरूप बड़ा हो और बड़ा कलाकार शामिल हो, उन्हें एक निश्चित मापदण्डों के आधार अनुमति दी जाए और उन्हें ताकिद करें कि उनके आयोजनों में किसी प्रकार की अशांति, नशाखोरी ना हो और आयोजन ऐसा हो जिससे वहां शामिल होने वाले आमनागरिकों असुविधा ना हो। कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि विशेष रूप से चौक-चौराहों बड़े आयोजनों वाले होटल, रेस्टोरेंट पर सीसीटीव्ही और कैमरों के माध्यम से नजर रखी जाएगी और किसी प्रकार का गड़बड़ी करने पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि शहर के विभिन्न संदिग्ध स्थान जहां पर नशें की सामाग्री मिलने की सूचना हो और नशाखोरी-अड्डेबाजी की जा रही हो वहां पर कड़ी जांच करें और ऐसे अपराधिक तत्वों पर कार्यवाही करें। डॉ. भुरे ने एनजीटी के गाइडलाईन के अनुसार आतिशबाजी करने के निर्देश दिए।

20 स्थानों पर रहेगा चेक प्वाइंट

पुलिस विभाग के अधिकारियों जानकारी दी कि शहर में 20 प्वाइंट बनाये गये है जहां पर विशेष नजर रखी जाएगी और ब्रेथएनालाईजर से कड़ाई से चेकिंग की जाएगी। उन्होंने बताया लेकर बैठक लेकर कहा गया है कि होटल, रेस्टोरेंट, बार और ढाबा संचालकों एक निश्चित समयावधि के भीतर बंद किया जाए। पार्किंग की समुचित व्यवस्था हो। संस्थानों के बाहर या चार पहिये वाहन के भीतर शराब का सेवन ना कराया जाए। आयोजक क्षमता से अधिक पास जारी ना करें। साथ ही कार्यक्रम के दौरान नशीला पदार्थ जैसे हुक्का, गांजा अथवा अन्य नशीली पदार्थ पाये जाने पर ऐसे संचालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के साथ ही उनका लायसेंस भी निरस्त किया जायेगा।

सीएम को स्मार्ट सिनेमा अवार्ड 2024 में शामिल होने मिला निमंत्रण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज यहाँ राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ी फ़िल्म पुरस्कार समारोह - स्मार्ट सिनेमा अवार्ड 2024 के आयोजकों ने सौजन्य मुलाक़ात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को राजधानी रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 17 जनवरी की आयोजित छत्तीसगढ़ी फ़िल्म पुरस्कार समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आयोजकों को आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ी फिल्मों के भीष्म पितामह कहे जाने वाले स्वर्गीय विजय कुमार पाण्डेय की स्मृति में प्रति वर्ष इस समारोह का आयोजन किया जाता है। जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ी फिल्मों की प्रतिभा को पुरस्कृत करना है। इस समारोह में प्रदेश भर के कलाकार शामिल होते हैं। इस अवसर पर जय प्रकाश पाण्डेय एवं दीपक श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री को रामराम बड़े भजन मेला का निमंत्रण

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ रामनामी रामराम भजन संस्था के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को सक्ती जिले के जैजैपुर नगर पंचायत में आयोजित रामराम बड़े भजन मेला में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आमंत्रण के लिए संस्था के सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर राम सिंह रामनामी, तिहारु राम रामनामी, केदार खांडे, अशोक बघेल तथा संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

संपादकीय

कोरोना के बढ़ते मामले चिंता का विषय

एक बार फिर दुनिया के 40 देशों में कोरोना ने अपना पांव पसारना शुरू कर दिया है। इसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी जारी की है। भारत में भी गोवा, महाराष्ट्र और सहित कुछ अन्य राज्यों में कोरोना के नए वेरिएंट से ग्रसित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जो चिंता का विषय है। भारत में अब तक 3000 से अधिक लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं और 4 लोगों की मौत भी हो गयी है। चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक कोरोना का नया वेरिएंट जान लेवा तो नहीं है लेकिन इससे बचने के लिए आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए केरल और गोवा सहित इन राज्यों में कोरोना संक्रमण के ज्यादा मामले सामने आए हैं। वहां के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गाइडलाइन जारी कर दी है। जिसका कड़ाई पूर्वक पालन कराना संबंधित राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है ताकि वहां कोरोना संक्रमण ज्यादा न फैले और अन्य राज्य भी इसकी चपेट में न आएं। गौरतलब है कि कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान कोरोना गाइडलाइन का कड़ाई पूर्वक पालन नहीं कराया गया था। जिसकी वजह से पूरे देश में कोरोना का कहर टूटा था। वह तो केन्द्र सरकार ने तत्परता का परिचय दिया और रिकॉर्ड समय में न सिर्फ कोरोना की वैक्सीन बनाने में सफल रहा बल्कि सभी का निःशुल्क टीकाकरण में भी सरकार को कामयाबी मिली। यही वजह है कि कोरोना की तीसरी लहर का ज्यादा असर नहीं हुआ था। सरकार के तमाम प्रयासों और निःशुल्क टीका उपलब्ध कराने के बावजूद शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य हासिल नहीं हो पाया था। कई राजनीतिक पार्टियों ने कोरोना के टीके को लेकर भी राजनीति की थी और उनके नेताओं के इस बारे में विवादास्पद बयान आने के कारण बड़ी संख्या में लोगों ने कोरोना के टीके नहीं लगाए थे। जिन लोगों ने कोरोना की वैक्सीन नहीं ली है। उनके लिए कोरोना का यह नया वेरिएंट जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसलिए ऐसे लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। हालांकि विश्व के 40 देश फिर से कोरोना की चपेट में आ गए हैं लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे कोरोना की चौथी लहर मानने से इनकार किया है। और कहा है कि इससे डरने की जरूरत नहीं है लेकिन सावधानी बरतना जरूरी है। भारत में जागरूकता के अभाव में जिन लोगों ने अभी तक कोरोना का टीका नहीं लगाया है। उनको चाहिए कि वे टीका अवश्य लगवाएं और जब तक टीका नहीं लगता तब तक सार्वजनिक स्थानों में मास्क लगाकर ही जाएं तथा दो गज की दूरी बना कर रखे अन्यथा वे किसी कोरोना संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से संक्रमित हो सकते हैं। और यह उनके लिए घातक भी सिद्ध हो सकता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने केरल, गोवा, महाराष्ट्र आदि राज्यों में जहां कोरोना के ज्यादा संक्रमित मिले हैं। वहां अस्पतालों में कोरोना संक्रमितों के उपचार की समुचित व्यवस्था करने केनिर्देश दिए हैं। कोरोना के नए वेरिएंट के कहर से निपटने के लिए सरकार अपने स्तर पर काम कर रही है। लेकिन लोगों को भी जागरूकता का परिचय देना चाहिए। खासतौर पर छोटे बच्चों को विशेष ख्याल रखना चाहिए क्योंकि अभी तक बच्चों के लिए कोरोना वैक्सीन उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस बीच चीन से एक और बीमारी ने दुनिया के कई देशों में कोहराम मचा दिया है। जिसके शिकार छोटे बच्चे ही बन रहे हैं। उन्हें सांस लेने में तकलीफ होती है और बुखार भी चढ़ता है इस नई बीमारी के लक्षण में कोरोना की तरह ही है। जिससे बच्चों को कौन सी बीमारी है इसका अनुमान लगाना कठिन हो जाता है। इसलिए बच्चे को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की अवश्यकता है सावधानी बरत कर ही हम कोरोना के इस नए वेरिएंट का मुकाबला कर पाएंगे। जिन राज्यों में कोरोना के ज्यादा मामले सामने आए हैं। वहां केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइडलाइन का सख्ती पूर्वक पालन सुनिश्चित करना होगा है।

भौतिकवाद की आधुनिकता से विखंडित होते संयुक्त परिवार

संजीव ठाकुर

समय के परिवर्तन के साथ ही भौतिकता ने अपना परचम फैलाना शुरू कर दिया हैद्य पाश्चात्य शैली की आधुनिकता ने वैदिक और संस्कारी परिवारों में विखंडन की बड़ी विभीषिका ने आमद शुरू कर दी है। बड़े औभौतिकवाद की आधुनिकता से विखंडित होते संयुक्त परिवारद्य

(पश्चिम दर्शन से दिग्गभ्रमित युवा वर्ग)र संस्कारी परिवार गिनती के शेष रह गए हैं। परिवारों में स्नेह,प्यार और आपसी सम्मान की भावनाओं में बेहद कमी होने लगी है। भारत मूलतः परंपरावादी वैदिक तथा सनातनी देश है पर आधुनिकता ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए हैं ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है इसी तरह बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की संवेदनहीनता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाति है।

भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका हैद्य बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका हैद्य महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई हैद्य बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी दम पत्तियों पर होती है पर वर्तमान में बच्चे मां बाप से दूर होते जा रहे हैं और बुजुर्ग अपनी संतानों से मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है।

बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा हैद्य उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैद्य देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित हैद्य करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है।

वह वटवृक्ष की तरफहम सबका मार्गदर्शन करते हैं ,अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करेंद्य इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी।

राजस्थान में समाप्त गहलोत-पायलट युग

रमेश सर्राफ

अगले 6 महीने बाद लोकसभा के चुनाव होने हैं। पिछले दो बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 25 सीटे जीत रही है। इस बार भी भाजपा के नेता प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर जीत का दावा कर रहे हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से उनके कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ा हुआ है। ऐसे में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में कितनी सफलता प्राप्त कर पाती है इसका पता तो आने वाले चुनाव के बाद ही चल पाएगा।

मगर कांग्रेस का जो भी नया प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल का नेता बनेगा उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती कांग्रेस को फिर से एकजुट कर पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने की रहेगी। जिसमें वो कितने सफल होंगे इसका पता तो बाद में ही लगेगा। फिलहाल तो यह देखना है कि कांग्रेस आलाकमान राजस्थान में चल रहे गहलोत पायलट गुट को कमजोर कर निर्विवाद छवि वाले नेताओं को कितना आगे बढ़ा पाता है इसका सभी को इंतजार हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट दोनों ही नेताओं को कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान की राजनीति से बाहर भेज दिया है। अब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में नए लोगों को आगे लाने की कवायद प्रारंभ हो गई है। पिछले लंबे समय से राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति अशोक गहलोत व सचिन पायलट के इर्द-गिर्द ही घूम रही थी। दोनों नेताओं में चल रही आपसी खींचतान के चलते राजस्थान में कांग्रेस को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। दोनों की अवादत के चलते ही राजस्थान में कांग्रेस सत्ता से भी बाहर हो चुकी हैं।

2018 में जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनी थी और अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री व सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। तभी से गहलोत व पायलट के बीच खींचतान प्रारंभ हो गई थी। राजस्थान में दोनों बड़े नेता के अलग-अलग दो गुट बन गए थे। दोनों नेताओं की खींचतान के चलते स्थिति यहां तक खराब हो गई थी कि 2020 में सचिन पायलट ने अशोक गहलोत के खिलाफ बगावत कर अपने समर्थक विधायकों को लेकर गुड़गांव चले गए थे। उस समय सरकार बचाने के लिए अशोक गहलोत को विधायकों की होटलों में बाड़ेबंदी करनी पड़ी थी। करीबन दो महीने तक चली आपसी खींचतान के बाद कांग्रेस आलाकमान के प्रयासों से कांग्रेस के दोनों नेताओं के बीच शांति स्थापित हो पायी थी। मगर सचिन पायलट को बगावत के चलते उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद गंवाना पड़ा था। वही उनके समर्थक कई मंत्रियों को भी पदो से हटा दिया गया था। उस समय पायलट के पास विधायकों की संख्या कम रह गई थी। क्योंकि पायलट द्वारा की जा रही बगावत की जानकारी उनके ही कुछ विधायकों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दे दी थी। मुख्यमंत्री गहलोत ने समय रहते पायलट गुट के कई विधायकों को अपने पाले में लाकर पायलट को राजनीतिक दृष्टि से कमजोर बना दिया था।

आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद पायलट समर्थक कुछ विधायकों को गहलोत सरकार में फिर से मंत्री बनाया गया था। मगर पायलट को कोई भी पद नहीं दिया गया था। पायलट की बगावत से लेकर विधानसभा चुनाव तक गहलोत व पायलट द्वारा लगातार एक दूसरे के खिलाफबयान बाजी की जाती रही थी। 2022 को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने के लिए 25 सितंबर 2022 को जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक का आयोजन करवाया था। जिसमें मल्लिकार्जुन खरगे व अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया था। मगर अशोक गहलोत गुट के शांति धारीवाल, महेश जोशी व धर्मेंद्र राठौर ने विधायक दल की बैठक ही नहीं होने दी। धारीवाल ने अपने आवास पर विधायकों की समानान्तर बैठक आयोजित कर कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा आहूत विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करवा दिया था। जिस कारण से सचिन पायलट मुख्यमंत्री बनने से रह गए थे। उसी दौरान सोनिया गांधी ने अशोक गहलोत को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए भी नामित किया था। मगर गहलोत ने मुख्यमंत्री पद जाने के डर से अध्यक्ष बनने से भी इंकार कर दिया था।

गहलोत व पायलट की आपसी लड़ाई में राजस्थान कांग्रेस को जितना नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई होना मुश्किल लगता है। दोनों ही नेताओं को प्रदेश की राजनीति से बाहर भेज दिया गया है। अशोक गहलोत को नेशनल अलायंस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। जो लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न दलों से गठबंधन पर चर्चा करेगी। इस पांच सदस्यों वाली समिति का संयोजक पार्टी महासचिव मुकुल वासनिक को बनाया गया है। जबकि समिति में अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, सलमान खुर्शीद व मोहन प्रकाश को सदस्य बनाया गया है। नेशनल अलायंस कमेटी का सदस्य बनने के कारण अशोक गहलोत राष्ट्रीय राजनीति में व्यस्त हो जाएंगे और उनके पास प्रदेश की राजनीति के लिए समय नहीं बचेगा।

इसी तरह सचिन पायलट को कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव बनाकर छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अब तक की सबसे करारी हार झेलनी पड़ी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पद गंवाना पड़ा है। वैसे भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पास लोकसभा के मात्र दो ही सदस्य है। ऐसे में प्रदेश प्रभारी के नाते सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ में कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। छत्तीसगढ़ के प्रभारी बनने के बाद सचिन पायलट का भी राजस्थान की राजनीति से जुड़ाव काम हो जाएगा। उनका ज्यादा समय राजस्थान के बाहर ही बीतेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पंजाब के प्रभारी हरीश चौधरी को पदमुक्त कर दिया है। बायतु क्षेत्र से मात्र 910 वोटो से जीते हरीश चौधरी गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री व सांसद भी रह चुके हैं। ऐसे में चर्चा है कि हरीश चौधरी को प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया जा सकता है। अभी जाट समाज से गोविंद सिंह डोटासरा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष है। जिनका हटना तय माना जा रहा है। कांग्रेस के नवनिर्वाचित 69 विधायकों में सबसे अधिक संख्या जाट, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के विधायकों की है। इसको देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष पद पर हरीश चौधरी व विधायक दल के नेता के पद पर आदिवासी समुदाय के महेंद्रजीत सिंह मालवी की नियुक्ति हो सकती है। महेंद्रजीत मालवीय अभी कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य है तथा लगातार विधायक का चुनाव जीत रहे हैं। गहलोत सरकार में भी वह कैबिनेट मंत्री थे। उनकी आदिवासी क्षेत्र में अच्छी पकड़ मानी जाती है। राजस्थान में अलवर से सांसद रहे भंवर जितेंद्र सिंह को भी कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव पद पर बरकरार रखा गया है। अगले 6 महीने बाद लोकसभा के चुनाव होने हैं। पिछले दो बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 25 सीटे जीत रही है। इस बार भी भाजपा के नेता प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर जीत का दावा कर रहे हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से उनके कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ा हुआ है। ऐसे में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में कितनी सफलता प्राप्त कर पाती है इसका पता तो आने वाले चुनाव के बाद ही चल पाएगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1922 इंपीरियल जापानी नौसेना ने होशो का गठन किया, जो दुनिया का सबसे पहला उद्देश्य निर्मित विमान वाहक है। 1939 तुर्की में भूकंप से लगभग चालीस हजार लोगों की मौत हुई। 1945 29 सदस्य देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना हुई। इस संस्था का उद्देश्य विदेशी मुद्रा के मूल्यों को स्थिर रखना, वाणिज्य विकास और प्रगति को सुचारू बनाना आदि है। 1966 द वॉल ऑफ़स्वैलोज़, जो कि दवर्ल्ड की सबसे बड़ी ज्ञात गुफा शाफ्ट है, की खोज एक्विस्मोन, सैन लुइस पोटोसी, मैक्सिको में की गई थी। 1966 दुनिया की सबसे लंबी गुफा 'केव ऑफस्वैलोज़' की खोज एक्विसमोन, मैक्सिको में की गई। 1979 अफगानिस्तान में सोवियत युद्ध-सोवियत सैनिकों ने ताजबेग पैलेसआउटसाइड काबुल पर धावा बोल दिया और अफगान राष्ट्रपति हाफिजुल्ला अमीन और उनके 100-150 कुलीन गार्डों को मार डाला। 1997 निष्ठावान स्वयंसेवी बल के नेता बिली राइट को आयरिश नेशनल लिबरेशन आर्मी के सदस्यों द्वारा भूलभुलैया जेल की हत्या कर दी गई थी।

QUIZ TIME

1) किस संस्था ने इंडिया एजिंग रिपोर्ट 2023 नामक रिपोर्ट जारी की?

2) अब्देल फतह अल-सिसी को किस देश का तीसरी बार राष्ट्रपति चुना गया है?

3) अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?

4) भारत की प्रथम महिला क्रिकेट कमेंटेटर का नाम क्या है?

5) हैथम बिन तारीक किस देश के सुल्तान है, जिन्होंने हाल ही में अपनी पहली यात्रा की है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) यूएनएफपीए (2) मिस्र (3) 20 दिसंबर (4) चंद्रा नायडू (5) ओमान

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:18, सूर्यास्त : 05:37, चन्द्रोदय : 16:36, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : आर्द्रा, योग : ब्रह्म, प्रथम करण : विष्टि (17:51 तक), द्वितीय करण : बव (30:02 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : मिथुन (09:51 से), मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:57 से 12:38, अमृत काल : 13:18 से 14:56, विजय मुहूर्त : 13:59 से 14:40, गोधूलि मुहूर्त : 17:21 से 17:49, सायाह्न सन्ध्या : 17:24 से 18:46, निशिता मुहूर्त : 23:50 से 24:45, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:44 से 11:01, दुर्मुहूर्त : 09:13 से 09:54, होमाहुति : चन्द्र, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी, भद्रावास : स्वर्ग (17:51 तक), चन्द्रवास : दक्षिण (पश्चिम 09:57 से)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए शुभफलदायी रहेगा। सोचे हुए कार्य आज आरम्भ से ही सही दिशा में आगे बढ़ेंगे।

वृषः आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। किसी के गलत आचरण से मन मे क्रोध आएगा फिर भी परिणाम जानकर माफ कर देंगे लेकिन व्यवहार विपरीत ही करेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये सामान्य से बेहतर रहेगा। आज अचानक किसी की सहायता अथवा स्वभाव परिवर्तन देख कर आश्चर्य चकित रह जायेंगे।

कर्कः आज के दिन आपको घरेलू एवं व्यवसाय सम्बन्धित विविध समस्याओ का सामना करना पड़ेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिये उन्नति कारक रहेगा। सोची हुई योजनाये थोड़े से प्रयास के बाद स्वतः ही गति पकड़ लेंगी।

कन्याः आज के दिन आप किसी बहुप्रतीक्षित आवश्यक कार्य के पूर्ण होने से उत्साहित रहेंगे लेकिन सरकारी कार्य आज बिना जोड़तोड़ किये पूर्ण नही हो सकेंगे।

तुलाः आज का दिन आप पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा शांति से व्यतीत करेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन शारीरिक एवं मानसिक रूप से उतार चढ़ाव वाला रहेगा। बाहर का खान-पान एवं शीतल प्रदार्थ ज्यादा गड़बड़ करेगा इनसे दूर रहेगें।

धनुः आज का दिन आपके लिए साधारण ही रहेगा। आर्थिक रूप से कमजोर रहने के कारण अधिकांश योजनाओ को सिरे नही चढ़ा पाएंगे।

मकरः आज के दिन आप शांत रहने का प्रयास करेंगे परन्तु फिर भी आस-पास का वातावरण ही कुछ ऐसा बनेगा जिससे आपको क्रोध आएगा।

कुंभः आज के दिन आपका व्यवहार अनाड़ियों जैसा रहेगा अतिआत्मविश्वास के कारण स्वयं ही अपने कार्य बिगाड़ लेंगे।

मीनः आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रहेगा। आज आपका रूखा व्यवहार दिन भर किसी ना किसी के साथ व्यर्थ के विवाद खड़े करेगा स्वभाव में क्रोध भी रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -285

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 284 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	■
प	■	ति	■	■	र	क्ष	क	■
र	ह	मा	न	■	■	■	■	आ
वा	■	■	मि	थु	न	■	दा	स
ह	वा	ला	त	■	सी	ता	■	पा
■	न	■	■	■	ब	क	वा	स
औ	र	त	■	म	■	त	■	■
ला	■	बे	च	ना	■	व	च	न
द	ह	ला	■	ना	ग	र	■	दी

न्यूज गैलरी

नेवई शाला में मना वीर बाल दिवस

भिलाई। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवई मे हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ गुरू गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फ्तेह सिंह जी की शहादत की याद मे वीर बलिदान दिवस मनाया गया। नेवई के नागरिकों ने रैली मे बढचढकर जयकारे की गूंज के साथ अपनी सहभागिता दी निबध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम -भवानी सेन ,द्वितीय-खुशबू फ्लिन साहू,तृतीय -आरती सात्वना -हिमानी रही निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम खुशबू साहू द्वितीय आरती तृतीय भवानी सेन रहे। संस्था प्रमुख गजेन्द्र बैस, शिक्षक उषाकिरण कौशिक, ज्योति वर्मा, अमृता यादव शशिकला वर्मा, रेखा साहू, पार्षद परमेश्वर, डोमनलाल बारले, शिक्षाविद डॉ दौआराम साहू, सुंदरलाल सिन्हा, टिकेश्वरी आदि गणमान्य नागरिक की उपस्थिति मे आयोजन किया गया। संचालन डॉ. नीलाजंना जैन ने की।

भाषण, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता

कुम्हारी। स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी में (वीर बाल दिवस) दसवें सिक्ख गुरुगोविंद सिंह जी के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह, और बाबा फ़्तेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में मनाया गया। वीर बाल दिवस के अवसर पर संस्था के प्राचार्य लता रघुकुमार एवं शाला के समस्त व्याख्यातागण, शिक्षकगण, एवं विद्यार्थीगण की उपस्थिति में विशेष सभाएं, निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिताएँ, एवं विविध प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वीर बाल दिवस के अवसर पर संस्था के प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को नैतिकता, साहस एवं बलिदान का महत्व बताया गया । कार्यक्रम प्रभारी नवीन गुप्ता द्वारा संबोधित किया गया। सहायक प्रभारी रेखराम, अजय सिंह, कु. श्रद्धा बाजपेयी द्वारा संबोधित किया गया। विद्यार्थियों में भाषण प्रतियोगिता में सुधा, साक्षी, ऋतिक खंडेलवाल, एवं बलजीत सिंह छाबड़ा, निबंध लेखन प्रतियोगिता में चंचल मानिकपुरी, पुष्पा साहू, आस्था गजभिये, भावेश साहू एवं पोस्टर प्रतियोगिता में आहान अंसारी, राजेश पटेल शामिल हुए।

शिविर में 1257 ने भरे योजना के आवेदन

भिलाईनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर जीरो रोड शांतिनगर एवं भागीरथी गार्डन रामनगर मे आयोजित किया गया जहां 7 हजार से अधिक नागरिक पहुच कर 1257 लोगो ने विभिन्न योजना के आवेदन भर कर जमा किये। शिविर स्थल पर वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन पार्षद महेश वर्मा, स्मृति डोडके, रामानंद मौर्य, नोहर वर्मा, संजय सिंग आयुक्त रोहित व्यास, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी जोन आयुक्त इंजीनियर तथा आम लोगो ने विकसित भारत का संकल्प लिए आयुक्त ने प्रधानमंत्री मंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत कुम्हार,पत्थर तरासने वाले मूर्तिकर, नाव बनाने वाले, जुता बनाने वाले, लोहार, नट बनाने वाले,औजार बनाने वालो को योजना मे प्रशिक्षण तथा लोन प्रदान किया जाता.है

सुशासन दिवस पर विशेष सफाई अभियान

भिलाईनगर। सुशासन दिवस के अवसर पर निगम का स्वास्थ्य

अमला सांसद विजय बघेल, पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में वार्ड 17 नेहरू भवन में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ भारत मिशन के संदेश को जन जन तक पहुँचाने लोगो को प्रेरित किये। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसम्बर से प्रारंभ सुशासन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम किया। सुबह 8 बजे से वार्ड 17 सुपेला में नेहरू भवन के पास निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष ब्रिजेश बिजपुरिया, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद महेश वर्मा, नोहर वर्मा, चंदेश्वरी बांधे, आयुक्त रोहित व्यास एवं आम नागरिकों ने झाड़ू लगाकर सफाई का संदेश दिये।

रिसाली, भिलाई-3 और चरोदा बनाए गए केटल-फ्री शहर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला प्रशासन द्वारा जिले के नगरीय निकायों की सड़कों को केटल-फ्री बनाने का अभिनव पहल सार्थक हो रही है। जिले के निगम रिसाली और भिलाई-3 चरोदा के मुख्य मार्गों में पशुओं का विचरण अब नहीं दिखेगा। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा के लंबित प्रकरणों एवं विभागीय कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान निगम रिसाली और भिलाई-3 चरोदा के आयुक्तों ने अवगत कराया कि निगम क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण सड़कों में विचरण करने वाले पशुओं के लिए गौठानों में समुचित प्रबंध किया गया है। क्षेत्र की सड़के केटल-फ्री हो गये हैं। कलेक्टर ने जिले के नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत चिन्हित 18 प्रकार के

पारम्परिक व्यवसायों में अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने कहा। उन्होंने सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को समन्वय के साथ कार्य करते हुए परम्परागत व्यवसाय करने वालों का ऑफलाईन रिपोर्ट तैयार कर सीएससी सेंटर में ऑनलाईन एन्ट्री, वेरीफिकेशन ट्रेड का चयन एवं प्रशिक्षण दिलाने कहा। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान नगरीय एवं पंचायतों में लगाए जा रहे शिविरों में उज्जवला योजना के तहत लक्षित परिवारों को लाभान्वित करने, छुटे हुए सभी लोगों का आयुष्मान, स्वास्थ्य परीक्षण, केसीसी कार्ड, आधार अपडेशन सहित फ्लैगशिप योजनाओं में शत-प्रतिशत् पूर्ण करने के साथ ही हर घर जल मिशन योजना, नेचुरल फार्मी, स्वायल हेल्थ कार्ड डेमो स्ट्रेशन, मेरी कहानी मेरी जुबानी, धरती कहे पुकार के, क्विज प्रतियोगिता, अभिनंदन पत्र, लैण्ड रिकार्ड शत-प्रतिशत् डिजीलाइजेशन आदि में प्रगति लाने के निर्देश दिए। शिविर के दौरान जानकारी पोर्टल में अनिवार्य रूप से एन्ट्री करने कहा है। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने राजस्व अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा दिवस संबंधित क्षेत्र में राजस्व शिविर लगाकर लंबित प्रकरणों का मौके पर निराकरण करने कहा है।

विहिप व बजरंग दल में धर्मांतरण के विरुद्ध आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आज बजरंग दल द्वारा धर्मांतरण के विरुद्ध कार्यवाही की माँग को लेकर जिलाधीश को ज्ञापन सौपा। बजरंग दल विभाग सहसंयोजक रामलोचन राकेश तिवारी ने बताया कि विगत 5 वर्षों में कांग्रेस सरकार के सय में बहुत तेज़ी से धर्मांतरण हुआ लेकिन बजरंग दल अब धर्मांतरण नहीं होने देगा और धर्मांतरण कराने वालों पर कार्यवाही कराएगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के बजरंगी भाइयों के द्वारा श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा का आवाहन है। संपूर्ण छत्तीसगढ़ धर्मांतरण मुक्त होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग संयोजक शैलेंद्र सोनी, ज़िला सहमंत्री बबलू सिंग, विजय

दुबे, विमलेश तिवारी, विजय दुबे, ज़िला संयोजक सौरभ देवांगन, ज़िला सह संयोजकद्वय पिंटू जाल, खेमलाल सेन, टिक्कू निषाद, अखाड़ा प्रमुख पुष्पराज सिंग, सुरक्षा प्रमुख आदित्य नारायण सिंग, गौरक्षा प्रमुख अरुण शर्मा, नगर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, संयोजक मयंक शर्मा, सह संयोजक नरसिंग सिन्हा, विकास पुरोहित, यश देवांगन, राकेश देवांगन, रौशन सिंह, गौरव जैन, रमेश दुबे, बलदाऊ साहू, गोपाल यादव, प्रवीण सिंहा, पवन कसेर, चमन कुंभकार, तारेंद्र साहू, दाऊ सोनकर, भरत यादव, नीलेश कश्यप, भरत यादव, दिनेश साहू, लखेश्वर प्रसाद, गोविन्द कसेर, चमनराज कुंभकार, लक्की बिजेवार, जितेंद्र चक्रधारी, यशवंत साहू, राज खरोले, निखिल यादव, शोनु साहू, निलेश निषाद, राहुल निषाद, गौरव निषाद, वरुण निषाद, निखिल साहू, सागर देशमुख, सागर निषाद, निखिल यादव, पंकज पटेल, ओमप्रकाश, राकेश यादव, जितेश् निर्मलकर, विकाश निषाद, चुम्मन, पोसन सेन, खिलावन, राहुल, भुरू, लक्की मणिकपुरी, अनुज, लेखराम, रूपेश, नोमेंद्र, राज, अखिल पाल, रामायन, सत्तू, गोलू, श्रीराम, करण, राहुल, ओंकार, शिवम, विराट, मुन्ना, किसन, श्याम, शिवम् पटेल, यससु, कान्हा पटेल, लक्ष्मी, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने गुरुद्वारा में टेका माथा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वीर बाल दिवस के अवसर पर दुर्ग स्थित गुरूद्वारा में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि मानवता के लिए असमिता को बचाने के लिए वीर बालकों ने एक मिशाल कायम की। आज गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों साहिबजादों की शहादत का दिन है। सात और नौ वर्ष की आयु में दोनों वीरों को शहादत मिली। मुगलों के दबाव के बावजूद भी उन्होंने कुर्बानी चुनी, सिख समाज का इतिहास ऐसी कुर्बानियों से गौरवशाली बना हुआ है। श्री शर्मा ने कहा कि सिख समाज के दसवें गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों ने मुगलों से हार नहीं मानी, इसलिए उन्हें दीवार में चुनवा दिया। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में प्रेरणा के विषय हैं, तो हम दुनिया में क्यो जाएं। हमारे समाज का मान बिंदु यही होना चाहिए और इसे समाज के बीच रखना चाहिए। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, विधायक गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर, जितेन्द्र वर्मा, कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, एसएसपी रामगोपाल गर्ग व सीईओ अश्वनी देवांगन सहित सिख समाज के हरविंदर सिंह खुराना जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। विकास खंड के ग्राम सांकरा में इन दिनों अतिक्रमण को लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित है। शिकायत के बाद भी राजस्व विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है। वही न्यायालय नायब तहसीलदार के कार्यालय द्वारा अतिक्रमण कारी को निर्माण कार्य पर रोक लगाने के लिए स्टे आदेश जारी किया है। इसके बाद भी निर्माण कार्य जारी है। अब कलेक्टर से न्याय की उम्मीद में ग्रामीण आज दुर्ग पहुंचे। जहा पर कलेक्टर से मुलाकात कर पूरी जानकारी दिया। अतिक्रमण हटाने की मांग को फिर से दोहराया। इधर स्टे के बाद भी निर्माण कार्य जारी है जिससे की शासन प्रशासन की रवैया को लेकर भी ग्रामीण लामबंद होने वाले है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम सांकरा के सरपंच रेमन बाई जांगड़े, सरपंच सरपंच प्रतिनिधि यशवंत जांगड़े घनश्याम साहू उप सरपंच, बसंत सिंगौर, संतोष सिंगौर, दिलीप चंद्राकर, ईश्वर सिगौर, चंदन सिंगौर सहित ग्रामीण जन आज दुर्ग कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर आज ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया गया है की सांकरा में कांजी हाउस बनाने के लिए आरिक्षित जमीन पर अनुराधा श्रीवास्तव द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक सांकरा पटवारी हल्का नंबर 06 के खसरा नंबर 741के रकबा 18.9 हेक्टेयर के भाग का रकबा 4814 वर्ग फीट में अतिक्रमण कर मकान निर्माण कराया जा रहा है। जिस पर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया की शिकायत के आधार पर नायब तहसीलदार द्वारा 2 जून 2023 को तथा उसके बाद 16 अक्तूबर 2023 को स्थगन आदेश दिया गया था। इसके बाद भी आज निर्माण कार्य लगातार चल रही है। इस पर रोक लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

सुशासन शपथ के साथ काव्य संगोष्ठी

नव प्रदेश संवाददाता

जामुल। पालिका परिषद जामुल में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नगर पालिका प्रशासन द्वारा सुशासन शपथ के साथ काव्य संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। क्षेत्र में सुशासन के संबंध में समस्त जनप्रतिनिधी आम नागरिकगण, अधिकारी गण, कर्मचारी गणों ने स्वच्छ व्यवस्था एवं जनकल्याण केन्द्रित कार्यों का लाभ दिलाने संकल्पित होने का शपथ लिया। दुसरे सत्र में काव्य

गोष्ठी का आयोजन किया।

जिसमें नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि त्याग तपस्या की मूर्ति श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि एक विचार धारा थे। हम सब उनके महान विचारों को आदर्श रूप देने आज सुशासन दिवस मना रहे हैं। कार्यक्रम में पार्षदगण कविता विश्वाल, दीपक गुप्ता, अहिल्या वर्मा, शिक्षकगण जीआर वर्मा, नर्मदा गोस्वामी, जोगेश्वर सोनी, केदार साहू, संजय शर्मा, यशवंत ठाकुर, नेतराम साहू, मनीष साहू, बाली बर्मन, रश्मि वर्मा, हेमंत देवांगन, अरूण यादव, बिशेश्वर वर्मा आदि उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री ताम्रध्वज ने किया प्रतिमा का अनावरण

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। ग्राम पंचायत नगपुरा के पटेल चौक में स्व. झुमुक लाल देवांगन की पुण्य तिथि पर उनके प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू के सानिध्य में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम देवांगन परिवार एवं समस्त ग्रामवासी की ओर से आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूषणलाल देवांगन संरक्षक दुर्ग जिला देवांगन समाज, तथा विशेष अतिथि पुष्पा यादव अध्यक्ष जिला पंचायत, देवेन्द्र देशमुख अध्यक्ष जनपद पंचायत, श्रीमति लक्ष्मी साहू सदस्य जिला पंचायत, लक्ष्मी नारायण देवांगन समाज सेवी कोरबा जिला देवांगन समाज, सरस्वती सेन सदस्य

जनपद पंचायत, पुराणिक लाल देवांगन अध्यक्ष दुर्ग जिला देवांगन समाज, राकेश देवांगन कार्यकारी अध्यक्ष दुर्ग जिला देवांगन समाज, दुष्यंत देवांगन समाजसेवी, नन्द कुमार सेन अध्यक्ष केश शिल्पी कल्याण बोर्ड, भूपेंद्र रिगरी सरपंच ग्राम पंचायत नगपुरा की सहभागिता रही। सर्वप्रथम देवांगन परिवार द्वारा पंडित जी के विधि विधान से प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। पश्चात मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू द्वारा प्रतिमा जी का अनावरण एवम माल्यार्पण किया गया। पश्चात मंचासिन अतिथियों का देवांगन परिवार एवम ग्राम वासियों के द्वारा स्वागत एवम सम्मान के बाद छोटे भाई भूषण लाल देवांगन ने कहा की भैया झूमुक लाल देवांगन का जन्म 9 मार्च 1933 को ग्राम नगपुरा में स्व धरम सिंह देवांगन , माता स्व सुंदरियां देवी देवांगन के यहां हुआ था। 9 भाई एवम 1 बहन थे। बचपन से ही झूमूक लाल देवांगन का व्यक्तित्व चंचल, चतुर एवम सूझबूझ स्वभाव का रहा। इनकी शिक्षा कक्षा 4 तक थी।

दिनेश तिवारी का निधन

भिलाई (नवप्रदेश)। दिनेश कुमार तिवारी स्ट्रीट नं. 4 बी-517 स्मृति नगर भिलाई निवासी थे। उनका निधन 25 दिसंबर 2023 को हो गया है। उनका अंतिम संस्कर 27 दिसंबर 2023 को बिलासपुर में सरकंडा मुकितधाम मे 1 बजे किया जायेगा। वे ममता तिवारी के पति थे।



न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनताा को सूचित किया जाता है कि आवेदक जितेन्द्र कुमार पिता स्व. रामप्रसाद निर्मलकर निवासी ग्राम मैत्रीकुंज रिसाली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 495/118, 339/7 रकबा 0.02, 0.01 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अनिल कुमार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनताा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रेजनी टी. पिता/पति स्व. प्रदीप कुमार निवासी ग्राम आकांक्षा कुंज रिसाली दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 101/23 रकबा 0.0100 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार प्रदीप कुमार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./02/अ-20(4)/ वर्ष 2023-24

आवेदक श्री हेमंत माटेगांवकर आ. स्व. एस.के. माटेगांवकर निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु. प्लाट नं. एमआईजी-1/66 रकबा 150 वर्गमीटर धारकगण हेमंत माटेगंवकर आ. स्व. एस.जे. माटेगंवकर, मानिक दिलीप धारस्कर आ. स्व. एस.के. माटेगंवकर निवासी आमदी नगर हुडको के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड को क्रेता श्रीमती कल्पना चकबोर्ती पति सुजित कुमार चकबोर्ती निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई तह. व जिला दुर्ग के पास रु. 55.00 लाख रुपए में विक्रय करने का इकरारनामा निष्पादित कर 5.00 लाख रु अग्रिम प्राप्त किया है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड के विक्रय की अनुमति बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को दावा/आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई 11.01.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर | नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202312101400026 /अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ममता ध्रुव पति दुर्गेश ध्रुव निवासी सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 680/47, 665/17 रकबा 0.07, 0.07 हे. भूमि का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I Shakti Kumar son of late Babu Das manikpuri resident of quarter 1A street 50 sector 8 Bhilai durg (C.G.) have changed my old name Shakti Kumar son of late Babu Das manikpuri, so in future I should be recognised by my new name that is Shakti Kumar manikpuri son of late Babu Das manikpuri in all government and other documents

SHAKTI KUMAR MANIKPURI
Qtr 1A Street 50
Sector-8
Bhilai Durg (C.G.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202312100400269 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका वेदशीला देशमुख आ./पति प्रीतम देशमुख निवासी डबरीपारा बस्ती रिसाली भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 766/7 रकबा 0.010 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202312100400268 /अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका छत्रपाल यादव आ./पति स्व. विवेकानंद यादव निवासी शिव कालोनी बालोद द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 135/17 रकबा 0.0112 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202312100400103 /अ-06अ/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202312100400103/अ-6 अ/वर्ष 2023-24 आवेदिका अम्बिका पति दामोदर उर्फ विनय कुमार गौतम उम्र 66 वर्ष निवासी वार्ड नं. 04 ग्राम जेवरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने नाम पर दर्ज ग्राम जेवरा प.ह.न. 07 स्थित भूमि खसरा नंबर 127/2 शामिल खसरा नं. 128/4 रकबा 1.6800 हे. मे से शामिल खसरा नं. 128/4 ऑनलाईन भुइया साफ्टेयर में शासकीय भूमि दर्ज होकर प्रदर्शित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है का लेख करते हुए उक्त भूमि को निजी भूमिस्वामी मद में दर्ज कर रिकार्ड अद्यतन किए जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों के साथ मूलतः प्रकरण जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्राप्त है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202312100400102 /अ-06अ/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202312100400102/अ-6 अ/वर्ष 2023-24 आवेदक दामोदर उर्फ विनय कुमार गौतम पिता स्व. पुरुषोत्तम लाल गौतम उम्र 70 वर्ष निवासी वार्ड नं. 04 ग्राम जेवरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने नाम पर दर्ज ग्राम जेवरा प.ह.न. 07 स्थित भूमि खसरा नंबर 128/2 शामिल खसरा नं. 129/2, 131/2 रकबा 5.5100 हे. मे से शामिल खसरा नं. 129/2 एवं 131/2 ऑनलाईन भुइया साफ्टेयर में शासकीय भूमि दर्ज होकर प्रदर्शित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है का लेख करते हुए उक्त भूमि को निजी भूमिस्वामी मद में दर्ज कर रिकार्ड अद्यतन किए जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों के साथ मूलतः प्रकरण जांच एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्राप्त है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202312101400030 /अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता गेन्द सिंह निवासी ग्राम खोपली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम खोपली प.ह.न. 56 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 305, 2052 रकबा 0.0500, 1.2900 हे. भूमि का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनताा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुधा जैन पिता/पति स्व. अभय जैन निवासी ग्राम गायत्री मंदिर वार्ड 25 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 788/18 रकबा 0.022 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अभय जैन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. 202312101200016/ अ-74/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार गुप्ता पिता स्व. खोरबहरा निवासी ग्राम रिसामा के द्वारा आवेदक पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा ग्राम रिसामा प.ह.न 33 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 599 रकबा 0.600 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका जीर्ण-शीर्ण हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 05.01.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर | नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

विधायक ने बाइक एंबुलेंस को दिखाई हरी झंडी

■ पहुंच विहीन क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को चिकित्सालय में भर्ती कराने के लिए होगी उपयोगी

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के नगर पंचायत फिंगेश्वर के कृषि उपज मंडी परिसर में सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित धान बोनस राशि वितरण समारोह में राजिम विधायक रोहित साहू ने बाईक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर कलेक्टर आकाश छिकारा, सीईओ श्रीमती रीता यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बाईक एम्बुलेंस महतारी सुरक्षा के लिए बनाया गया है। जिसमें गर्भवती माताओं को जिले के पहुंच विहिन क्षेत्रों में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने एवं नजदीकी चिकित्सालय में भर्ती कराने के लिए उपयोगी होगी। जिले में सनराईज फाउंडेशन की तरफ से तीन बाईक एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। इस बाईक के साईड पर गर्भवती माताओं के लिए बेडनुमा एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिससे गर्भवती माताओं को लिटाकर नजदीकी चिकित्सालय में उपचार के लिए आसानी से लाया जा सकता है। यह बाईक एम्बुलेंस जिले के छुरा, मैनपुर और अमलीपदर क्षेत्र के लिए उपलब्ध रहेगा।

पूनम कॉलोनी में श्री साईं महोत्सव कल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भगवान श्री शिव गजानन साईं मंदिर समिति द्वारा श्री साईं महोत्सव का आयोजन गुरुवार 28 दिसंबर को किया जा रहा है। यह आयोजन पूनम कॉलोनी स्थित मंदिर परिसर में होगा। कार्यक्रम की तैयारियां जारी है। समिति के पदाधिकारी व सदस्यों के अतिरिक्त कॉलोनीवासी इसमें जुटे हुए हैं। समिति के अध्यक्ष व पत्रकार कमलेश स्वर्णकार ने बताया कि गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रातः 9 बजे से देव पूजन आरंभ होगा। पंडित रघुनाथ महाराज, पंकज तिवारी एवं मोहन दुबे पूजन कार्य संपन्न करवाएंगे। सायं 4 बजे धुमाल, डीजे एवं बैंड बाजों के साथ धूमधाम से पालकी निकलेगी। शाम 7 बजे महाप्रसादी व भंडारा किया जाएगा।

साइबर क्राइम और लुभावने ऑफर को लेकर लोगों को किया जागरूक

कवर्धा/नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी कुण्डा निरीक्षक कार्तिकेश्वर जांगड़े के कुशल नेतृत्व में चौकी प्रभारी दामापुर उप.निरीक्षक विमल लावनिया द्वारा ग्राम दामापुर में पुलिस जन चौपाल सोमवार 25 दिसंबर को लगाया गया। जहां उपस्थित ग्रामवासियों को गाँव को अपराध व नशा मुक्त बनाने, बच्चों को शिक्षित करने, वर्तमान में हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक रहने, व साइबर क्राइम के संबंध में केवाईसी अपडेट, लुभावने ऑफर के लिंक को क्लिक न करने ओटीपी शेयर न करने गाँव में सोना चांदी चमकाने वाले व्यक्तियों एवं फेरी लगाने वाले तथा अपराधिक संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने, अवैध शराब, सट्टा, जुआ में पूर्णता रोक लगाने हेतु पुलिस को सूचना देने उपस्थित ग्रामवासियों, सरपंच कोटवार एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक जानकारी दिया गया। पुलिस जन चौपाल कार्यक्रम में ग्राम दामापुर के सम्माननीय जनप्रतिनिधि गण तथा ग्रामवासी आमजन महिला/ पुरुष, अधिक संख्या में उपस्थित थे।

व्यक्ति की मूल आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही केन्द्र सरकारः भाटिया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खुज्जी विधानसभा के ग्राम पुरीमटोला में विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगजीत सिंह भाटिया (लक्की) पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो, अध्यक्षता मनीराम सिन्हा, विशेष अतिथि श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव उपस्थित थे। कार्यक्रम के अतिथियों के द्वारा भारत माता के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर शिविर का शुभारंभ किया गया।

प्रथम पेज का शेष

मंत्रियों को आज-कल में...
में सत्ता और ताकत का संतुलित बंटवारा विभागों में दिखेगा। चार पुराने नेताओं बृजमोहन अग्रवाल, केदार कश्यप, दयालदास बघेल और राम विचार नेताम को मंत्रिमंडल में लिया गया है। बाकी सभी मंत्री पद के लिहाज से नए हैं। इसमें सबसे कम उम्र 31 साल की लक्ष्मी राजवाड़े भी हैं जो पहली बार विधायक बनीं हैं। बाकी नेता संगठन में ही सक्रिय रहे हैं।

मैंने कोई इस्तीफा नहीं दिया, पार्टी में...
के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने नीतीश का साथ छोड़कर अलग पार्टी बना ली थी, जबकि आरसीपी सिंह बीजेपी में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के बीच शनिवार देर शाम को मुलाकात हुई थी। ललन सिंह खुद सीएम से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान वित्त मंत्री विजय चौधरी भी साथ मौजूद थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और ललन सिंह के मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ललन सिंह को छोड़ने उनके आवास तक खुद गए। वहां नीतीश कुमार ललन सिंह के आवास पर लगभग 10 मिनट तक रुके और दोनों के बीच बातचीत हुई थी। इसके बाद नाराजगी की बातों पर विराम लग गया था।

नए आपराधिक कानूनों को...
करने या युद्ध छेड़ने के लिए उकसाने के लिए धारा 121 लगाई जाती थी, जो कि अब धारा 146 के तहत आएगा।

ठ मानहानि से जुड़ी आईपीसी की धारा 499, अब नए कानून की धारा 354 के अंतर्गत आती है।

ठ आईपीसी के तहत बलात्कार से संबंधित धारा 376, अब धारा है और धारा 64 सजा से संबंधित है, जबकि धारा 70 सामूहिक बलात्कार के अपराध से संबंधित है।

ठ राजद्रोह से जुड़ी आईपीसी की धारा 124-ए को खत्म कर दिया गया है। वहीं उसकी जगह देशद्रोह कानून को धारा 150 के रूप में जाना जाएगा।

हम अपनी विरासत पर गर्व करते हैं तो दुनिया ...
है। इतने युवा तो भारत की आजादी की लड़ाई के समय भी नहीं थे। उस युवा शक्ति ने देश को आजादी दिलाई तो आज की युवा शक्ति भारत को किस ऊंचाई पर ले जा सकती है... यह कल्पना से परे है। आने वाले 25 साल हमारी युवाशक्ति के लिए बहुत बड़ा अवसर लेकर आ रहे हैं।

नगर में निकली अक्षत कलश की शोभायात्रा

जय श्रीराम के नारे से भटगांव नगर हुआ भक्तिमय

क्षेत्रीय विधायक कविता प्राण लहरे भी शामिल हुई कार्यक्रम में

भटगांव/नवप्रदेश। राम लला के जन्मस्थली अयोध्या धाम से आए अक्षत कलश का नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें महिलाओं ने अक्षत कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। नगरवासियों ने शोभायात्रा में जमकर पुष्प वर्षा किया। सभी राज्यों के मंदिरों में अयोध्या से अक्षत कलश भेजा गया है। जिसे नगर एवं गांव कस्बों के राम मंदिरों में स्थापना कर पूजा अर्चना किया जाना है। नगर भटगांव में पहुंचे अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाली गई। 70 अक्षत कलश महिलाओं ने धारण कर नगर का भ्रमण किया। इस दौरान जय श्री राम के नारे से पूरा नगर भक्तिमय हो गया इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुषों के साथ साथ नन्हें बच्चे भी अपने हाथों में भगवा झंडा लिए, नारा लगाते नजर आए। अयोध्या से आए अक्षत कलश को नगर के गायत्री मंदिर में रखा गया था। शोभायात्रा का जायसवाल मोहल्ले में क्षेत्रीय विधायक कविता प्राण लहरे शामिल हुई और रथ में स्थापित भगवान श्री राम के तैलचित्र में फूल माला चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद यह शोभायात्रा कदम चौक से मौली माता मंदिर होते हुए प्रभु श्री राम के मंदिर पहुंची। जहां सभी अक्षत कलश को स्थापित किया गया। मानस पथिक आश्रम के महाराज महंत रामकुमार दास ने कहा कि लंबे समय बाद अब अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर निर्माण होते देख पा रहा है और 22 जनवरी को फिर एक बार घर घर में दिए जलाकर दीपावली मनाया जायेगा। वही शोभायात्रा के समापन के पश्चात सभी अक्षत कलश को गांव गांव से पहुंचे मंदिर समितियों के लोगो में बाट दिया गया तत्पश्चात समस्त श्रद्धालुओं भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के व्यापारी बंधुओ के साथ साथ सभी मंदिर समितियों का सहयोग रहा।

भंडारण के 11 मामलों में 1525 बोरा धान और 7 गाड़ियां जब्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 नवंबर 2023 से की गई है। कलेक्टर आकाश छिकारा ने धान उपार्जन अवधि के दौरान ओड़िशा प्रांत से जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में विक्रय के लिए आने वाले धान की रोकथाम एवं कार्यवाही करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा अन्य प्रांत से आने वाले अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्यवाई की जा रही है।

इनमें देवभोग अनुभाग अंतर्गत अब तक 10 प्रकरण में 1475 बोरा धान जप्त एवं 6 वाहन जप्त कर कार्यवाही गया है। इसी तरह मैनपुर अनुभाग अंतर्गत एक प्रकरण में 50 बोरा धान एवं एक वाहन जप्त कर कार्यवाही की गई है। राजस्व अधिकारियों ने बताया कि जिले में धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवभोग द्वारा ओड़िशा सीमा पर 15 चेकपोस्ट बनाया गया है। इनमें कैटपदर, धूपकोट, नागलदेही,खुटगांव, सागौनभाड़ी, खोकसरा, झिरीपानी, केन्दुबन, कोदोभांठा, उसरीपानी, बरही, अमाड़ मगरोड़ा, पोटापारा एवं ढीरलीगुड़ा शामिल है।

आरपीएफ का चला ऑपरेशन नार्कोस

भाटापारा/नवप्रदेश। रेल यात्रियों एवं रेल संपत्तियों की सुरक्षा के साथ साथ अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को निभाते हुये रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ऑपरेशन ÷नार्कोस÷ अभियान का सफल क्रियान्वयन कर रही है। इसके अंतर्गत के तहत 1.56 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किया गया है। रेल के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ यह अभियान जून-2022 में प्रारंभ किया गया था। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इस अवैध व्यापार में शामिल ड्रग तस्करों को निशाना बनाने के लिये नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समन्वय से देश भर में ट्रेनों व चिह्नित ब्लैक स्पॉट में अपनी जाँच कार्यवाही की। इस ऑपरेशन के तहत रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रेलवे के माध्यम से नारकोटिक्स उत्पादों को ले जाने वाले वाहक/ट्रांसपोर्टरों के विरुद्ध तीव्र कारवाई किया है। इस अवैध व्यापार में शामिल ड्रग पेडलर्स को लक्षित करने के लिए एनसीबी और अन्य एलईए के समन्वय से ट्रेनों और चिन्हित ब्लैक स्पॉट में अपनी जांच में तेजी लाते हुए अभी तक 1.56 करोड़ रुपये के लगभग 1248 किलोग्राम विभिन्न नशीले पदार्थों के उत्पादों को बरामद किया गया है।

वीर बाल दिवस पर पंजाबी गुरुद्वारा से निकली प्रभात फेरी

भाटापारा/नवप्रदेश। सिख पंथ के दशम पिता गुरुगोविन्द सिंह के चार साहबजादों की शहादत और शौर्य को नमन करने हेतु मंगलवार को स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरुसिंघ सभा से प्रभातफेरी निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गो पर शब्दकिरतन करते हुए वापस गुरुद्वारा में सम्पन्न हुई ।गुरुगोविन्द सिंह के चार साहबजादों ने अपने पिता के वचनों को आत्मसात करते हुए सूरा सो पहचानिये जो लरे दीन के हेत , पुरजा पुरजा कट मरें कबहु ना छाड़े खेतु के अनुसार बड़े साहबज़ादे बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह चमकौर की धरती पर लाखों की मुगल सेनाओं पर भारी पड़े एक एक साहबजादों ने सैकड़ों मुगल सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था।

नागपुर की रैली में शामिल होंगे पूर्व विधायक छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बताया कि 28 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 139 वें वर्ष में प्रवेश कर रही हैं। इस वर्ष भी कांग्रेसजन 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस के रूप में मनाएंगे। कांग्रेस पार्टी एक राजनैतिक पार्टी के साथ-साथ एक विचारधारा है। देश की आजादी एवं विकास के कार्य में भाग लेने वाली विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक देश की सबसे पुरानी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी हैं। कांग्रेस स्थापना दिवस को प्रदेश के सभी जिला, शहर, नगर एवं ब्लाक में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6अ वर्ष 2022-23
पक्षकार जयराम पिता भुजबल जाति कंवर
निवासी ग्राम दतान ख प.ह.नं. 31
रा.नि.म. रोहांसी तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्व साधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्र. 202310210200028 अ/6 अ के आवेदक जयराम पिता भुजबल जाति कंवर निवासी ग्राम दतान ख प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. रोहांसी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम दतान ख प.ह.न.31 तहसील पलारी स्थित भूमि का कुल ख.नं. 14 का कुल रकबा 1.990 हे. भूमि आवेदक जैराम पिता भुजबल जाति कंवर के नाम पर त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया है। उक्त वादभूमि मे आवेदक का वास्तविक नाम जयराम पिता भुजबल जाति कंवर है। अतः उक्त वादभूमि मे आवेदक का त्रुटिपूर्ण नाम जैराम पिता भुजबल जाति कंवर को त्रुटिसुधार कर जयराम पिता भुजबल जाति कंवर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन मय बी -1 खसरा, व सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय मे विचाराधिन है।

अतएव उक्त संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा अपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय मे उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेषी दिनांक 27/12/2023 तक अपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेषी दिनांक के पष्चात कोई दावा अपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 11/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईसहार जारी किया गया।

सील — **अतिरिक्त तहसीलदार पलारी**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री युवराज पिता अर्जुन पटेल साकिन घोटमर्रा उपतहसील देवरबींजा तहसील बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम घोटमर्रा प.ह.न. 01 उपतहसील देवरींजा तहसील बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. स्थित भूमि ख.न. 97/1 रकबा क्रमशः 0.030 हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.030 हे. भूमि को आवासीय सह व्यवसायीक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने के मांग कर आवेदन पेश किया गया है। अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का संस्था उजर-दावा हो तो दिनांक 27.122022 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अज दिनांक 19.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-गरियाबंद (छ.ग.)
मैनुअल पद्धति सिविल कार्य हेतु जोनल निविदा सूचना कमांक-22 (द्वितीय बार)
E-mail-eeresdvgariyaband@gmail.com
5/4296/जोन.निविदा/ग्रा.यां. से./2023-24/ गरियाबंद, दिनांक 22/12/2023

// जोनल निविदा //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अतंर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है।

1 निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम तिथि :- 31.12.2023
2 कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- 03.01.2024
3 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 04.01.2024

निविदा निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित लागत प्रत्येक ग्रुप का (लाख रू.) में
1	2	3
1	ब्लॉक मैनपुर- ग्रुप कंपनी 16,17,18	20.00
2	विकासखण्ड देवभोग - ग्रुप कं. 15,16,17	20.00

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750 प्रत्येक ग्रुप का एवं निविदा की धरोहर राशि प्रत्येक ग्रुप का रू 15000.00 की होगी। अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 22.12.2023 से देखी जा सकती है

जी-06663/2 — **कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग गरियाबंद**

कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
दूरभाष/फैक्स नंबर- 07722-283747 ईमेल- id-cmoamdi@gmail.com
क्र./लो.नि.वि./न.प./2023-24 आमदी, दिनांक - /12/2023

// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //

नगर पंचायत आमदी द्वारा छ.ग. शासन में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से कुल 02 कार्य कुल लागत राशि 34.11 लाख रु. हेतु त्रि-लिफाफा पद्धति से प्रपत्र ''अ'' में सीलबंद निविदाएं स्पीड/पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण की विस्तृत जानकारी नगर पंचायत आमदी के लोक निर्माण विभाग शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in (निविदा सूचना/EOI) पर भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। समय सारणी निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 15.01.2024 समय दोपहर 02.00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि - 18.01.2024 समय दोपहर 03.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 25.01.2024 समय दोपहर 03.00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 25.01.2024 समय दोपहर 04.00 बजे तक

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत आमदी

छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदलपुर वृत्त के अंतर्गत दन्तेवाड़ा काष्ठागार में नीच दर्शाये अनुसार ईमारती नये/पुराने काष्ठ का नीलाम किया जावेगा।

1. नीलाम दिनांक - 02.01.2024
2. नीलाम स्थल का नाम - काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाठाः
3. डिपो का नाम जहां वनोपज रखी गई है - दन्तेवाड़ा आंवराभाठा दन्तेवाड़ा
4- नीलाम स्थल - 10.00 बजे पूर्वान्ह से

प्रजाति	नयी काष्ठ			पुरानी काष्ठ		
	नग	घ.मी.	बल्ली/डेंगरी	नग	घ.मी.	बल्ली/डेंगरी
सागौन	1820	271.773	10/66	1765	123.294	67/432
साल	0	0.000	0	1275	162.752	8/27
बीजा	0	0.000	0	111	14.401	3/8
साजा	0	0.000	0	96	14.401	0
सीवना	4	0.432	0	0	0.000	0
धावड़ा	0	0.000	0	23	3.228	0
हल्दू	0	0.000	0	10	2.789	0
शीशम	0	0.000	0	3	0.120	0
अन्य	3	0.896	0	148	22.456	8/3
योग :-	**1927**	**273.101**	**10/66**	**3431**	**343.441**	**86/470**

इच्छुक व्यापारी नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम शर्तें एवं विस्तृत जानकारियां अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। कृपता बोली लगाने के पूर्व नीलाम में रखी गई नये/पुराने ईमारती काष्ठ का श्रेणी को भली भांति देखे लेवें। वर्ष 2024 का व्यापार पंजीयन प्रमाण पत्र एवं फर्म का पेन नंबर/जी.एस.टी. नंबर की प्रति नीलाम के दिन सत्यंकार राशि का भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक, बड़ौदा बैक, देना बैंक, एक्सिस बैंक, सेन्ट्रल बैंक, चेक के साथ अनिवार्य रूप से सत्यंकार कक्ष में प्रस्तुत करना होगा।

नीलाम में बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि जो एक हजार से कम नहीं होगी सत्यंकार अधिकारी के पास जमा करना अनिवार्य है।

जी-06676/7 — **वनमण्डलाधिकारी दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा**

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)
e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(First Call)

System Tender No. 150240/ NIT No.: 28/SAC/23-24 Dated: 21.12.2023
Online Tenders are invited for the following works up to 11.01.2024 at 17.30 Hours.

Name of work - Construction of Nara Anicut on Kolhan Nalla in Block Arang, District Raipur.
Probable Amount of Contract: **Rs. 369.51 Lakhs**
(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 28.12.2023, at 17.31 Hours (IST) onwards.

NOTE:- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Executive Engineer
Water Management Division No. 1, Raipur
For, Chief Engineer, Mahanadi Project
Raipur (C.G.)
G-06660/5

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
MAHANADI CIRCLE, RAIPUR (CHHATTISGARH)
e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(First Call)

System Tender No. 150238/ NIT No.: 26/SAC/23-24 Dated: 21.12.2023
Online Tenders are invited for the following works up to 11.01.2024 at 17.30 Hours.

Name of work - Construction of Bodra Stopdam on Kalai Nalla in Block Arang, District Raipur.
Probable Amount of Contract: **Rs. 122.33 Lakhs**
(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 28.12.2023, at 17.31 Hours. (IST) onwards.

NOTE: All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Executive Engineer
Water Management Division No. 1, Raipur
For, Superintending Engineer
Mahanadi Circle, Raipur (C.G.)
G-06657/4

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

सत्य निष्ठा से देश सेवा का लिया संकल्प

डोंगरगांव/नवप्रदेश। विकसित छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता तथा पूर्व अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर कल स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड में संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत के तत्वावधान् में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सुशासन दिवस 25 दिसंबर के अवसर पर स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड में स्थित झण्डा चौक में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी ने सभी को सत्य एवं निष्ठा से देशसेवा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व नपं अध्यक्ष तथा सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गुप्ता, स्वरूपचंद जैन, एसडीएम अश्वन पुसाम, तहसीलदार पीएल नाग, सीएमओ नगर पंचायत डीएस पाल, सीईओ जनपद नवीन कुमार, एसीईओ होरीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

हल्बा समाज ने शक्ति दिवस पर निकाली कलश यात्रा

नगरी/नवप्रदेश। हल्बा समाज द्वारा शक्ति दिवस पर्व मनाया गया।अखिल भारतीय हल्बा समाज तहसील हल्बा समाज नगरी द्वारा सामाजिक एकता का यह पर्व 26 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन सामाजिक भवन में ध्वजारोहण किया जाता है। इसके बाद बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। शक्ति दिवस के मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक सिहावा ने कहा कि अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज 26 दिसंबर को गेंद सिंह की शहादत दिवस को शक्ति दिवस के रूप में मनाता है। श्रीमती ध्रुव ने कहा कि सभी हल्बा समाज एक सूत्र में बंधे, परंपरा व संस्कृति सभी जगह एक समान हो माँ दंतेश्वरी को शक्ति का रूप मानकर शक्ति दिवस मनाया जाता है। शक्ति दिवस क्यों मनाते हैं उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समाज में एकता और भाईचारे पर बल दिया। एकता रहने पर समाज का विकास होगा। हल्बा समाज ने जिस एकता का परिचय दिया उसके लिए बधाई का पात्र है। उन्होंने महिलाओं को आगे आने की बात कही। महतारी वंदन योजना जो 12000 प्रति वर्ष शादीशुदा महिला को देने की घोषणा भाजपा ने किया था। चुनाव के पहले भाजपा ने सभी को देने की बात कही थी। महिलाओं ने बीजेपी को वोट दिया। इसके कारण सत्ता परिवर्तन हो गया। लेकिन उस समय किसी भी प्रकार के मानदण्ड निर्धारित नहीं किया गया। यदि अब सत्ता आने के बाद वह मानदण्ड निर्धारण करते हैं तो आप सभी महिलाओं से निवेदन है कि क आने वाले समय में इसका मुंहतोड़ जवाब दें।

नगर पंचायत में काव्यांजलि का आयोजन

नवागढ़/नवप्रदेश। सोमवार को नगर पंचायत नवागढ़ में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। आयोजन का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल द्वारा स्व अटल की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद मंत्री बघेल ने उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को संकल्प शपथ दिलाई। स्थानीय स्कूल के बच्चों के द्वारा स्व अटल की कविता पाठ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एस बाजपेयी, भूपेंद्र जोशी एसडीएम नवागढ़,विनोद बंजारे तहसीलदार नवागढ़, टीआर चौहान सीएमओ, संजय मोटवानी उपअभियंता, मुकेश तिवारी लेखपाल, विनोद साहू, प्रेमु साहू, जाहिद बेग, रामनारायण श्रीवास, टीकम गोस्वामी, गोलु सिन्हा, राहुल खुराना सहित नगरवासी उपस्थित थे।

गुरु और साधना को मानने वाला समाज: देवांगन

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत खोखली में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें इंजीनियर के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने सभी को गुरु घासीदास बाबा जयंती कार्यक्रम की बधाई देते हुए कहा की सतनामी समाज शुरू से ही गुरु और साधना को मानने वाले समाज है,औरंगजेब मुगल शासक से कई दिनों तक हरियाणा के सतनामी समाज के द्वारा युद्ध किया गया जो की आज भी इतिहास में दर्ज है, देवांगन ने बताया की सतनामी समाज हमेशा से निडर समाज के रुप में रहा है, आज समाज गुरु का अनुसरण कर हर वर्ष 18 दिसम्बर को धूम धाम से जयंती को मनाते हैं, देवांगन ने बाबा जी के बताए रास्ते मे चलने और उनके उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही।

विष्णुदेव सरकार जनकल्याणकारी कार्यों को दे रही प्राथमिकता : योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम सरदा में दो दिवसीय गुरु घासीदास जयंती एवं भव्य मंडाई महोत्सव कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर गुरु घासीदास की पूजा अर्चना कर किसान नेता ने क्षेत्र वासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु के बताएं मार्ग पर चलकर खुशहाल छत्तीसगढ़ का सपना साकार होगा। प्रदेश की भाजपा सरकार जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। इस अवसर पर जनक राम धीवर सरपंच सरदा, चिन्ता कोशले उपसरपंच, धरम दास बंजारे भंडारी, मोहनदास बंजारे, डॉक्टर हरिश्चंद कोसले, मंगनी भारती, मुकेश कोसले, विजय कोसले, युवराज कोसले, उकेश कोसले, बिजेंद्र बंजारे, शिकंदर बंजारे,आत्मा बंजारे, राज बंजारे, विनोद कोशले आदि उपस्थित थे।

3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा जल्द होगा पूरा : साय

■ सुशासन दिवस पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्मय से दो साल के धान बोनस वितरित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्मय से दो साल के धान बोनस वितरण कार्यक्रम में किसानों को राशि उनके खाते में अंतरित की। इस अवसर पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं अन्य जन्प्रतिनिधि वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से धान बोनस वितरण समारोह से जुड़े। इस दौरान राजनांदगांव जिले में वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 अंतर्गत 1 लाख 5 हजार 480 किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल धान की दर से 140 करोड़ 30 लाख 93 हजार रूपए का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजना अंतर्गत 34 हितग्राहियों को कुल 19 लाख 94 हजार 540 रूपए के सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का भी आयोजन किया। किसानों को धान बोनस राशि वितरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमने सरकार बनते ही गरीबों को 18 लाख आवास देने का निर्णय लिया। कई लोगों ने घर के लिए कर्ज लिया, कई अपना घर बना ही नहीं पाए उनके लिए आवास स्वीकृत किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी हम पूरी तरह से निभाएंगे। गरीब भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रूपए सालाना भी देंगे। स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार हमारी प्राथमिकता है। अब आयुष्मान कार्ड में 10 लाख रूपए तक निःशुल्क इलाज का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने किसानों के हित में निर्णय लिया और 3100 रूपए प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया है उसे भी हम जल्द पूरा करेंगे। हमने 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की भी व्यवस्था की है, इस संदर्भ में हमने आदेश जारी कर दिया है। हम किसानों से उनका पूरा धान खरीदेंगे और जरूरत पड़ने पर समय सीमा भी बढ़ाएंगे।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि प्रदेश के किसान जागरूक हैं, आज पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन के अवसर पर किसानों को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 अंतर्गत धान बोनस की राशि का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र की प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य को पूरा करेंगे एवं महतारी वंदन योजना के लिए भी अनुपूरक बजट में भी प्रावधान किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत शासन द्वारा किसानों के लिए स्थायी कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की उन्नति एवं प्रगति होती रहे। छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की ओर अग्रसर है और सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, रमेश पटेल, राजेन्द्र गोलछा, श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी, राजेश श्यामकर, लीलाधर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवी तथा कलेक्टर डोमन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

किसानों को ऊर्जा और जल संरक्षण की दी जानकारी

■ ऊर्जा और जल संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में छग राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) व कृषि विज्ञान केन्द्र बेमेतरा द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र-झाल में ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएंसी, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से कृषकों में ऊर्जा एवं जल संरक्षण÷ के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. आरएन सिंह (डीन) कृषि महाविद्यालय, डॉ. तोषण कुमार ठाकुर वरिष्ठ वैज्ञानिक, इन्दुभूषण साहू सहायक अभियंता क्रेडा द्वारा उपस्थित सैकड़ों कृषकों को ÷ऊर्जा एवं जल संरक्षण÷ के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. आरएन सिंह (डीन) कृषि महाविद्यालय द्वारा ऊर्जा एवं जल संरक्षण के संबंध में जैसे-घरों में रेन वाटर हारवेस्टिंग, अधिक से अधिक पेड-पौधे लगाना, जल का व्यर्थ उपयोग व बहने से रोकना, कोयला, पेट्रोलियम, लकड़ी इत्यादि पदार्थों पर निर्भरता व उनकी खपत कम से कम हो, जिससे हमारी आने वाली पीढी को सुचारु रुप से ऊर्जा एवं जल उपलब्ध हो। ऊर्जा एवं जल संरक्षण करने हेतु अपना व अपने आस-पड़ोस के अन्य व्यक्तियों को बताकर विशेष योगदान देने हेतु आह्वान किया गया।

साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 500 से अधिक हुए शामिल

■ 12 विधायकों के अलावा तोरण मिलाप का किया गया सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। जिला साहू संघ धमतरी द्वारा 24 दिसंबर को धमतरी के कृषि उपज मंडी में युवक युवती परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर शगुन पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में दूर-दूर से 500 से अधिक युवक युवतियां शामिल हुई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के साहू समाज के विधायक ओंकार साहू धमतरी, दलेश्वर साहू डोंगरगांव, ईश्वर साहू साजा, बालेश्वर साहू जैजैपुर इंद्र साव भाटापारा संदीप साहू कसडोल, मोती राम साहू रायपुर ग्रामीण, रोहित साहू राजिम, दीपेश साहू बेमेतरा, भोलाराम साहू खुज्जी सहित डिप्टी सीएम अरुण साव का सम्मान समाज के वरिष्ठ जनों ने किया। वहीं चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय बवासीर विशेषज्ञ तोरण मिलाप को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके व्दारा 2006 से 2023 तक प्रदेश के 17 जिलों में 19000 से भी अधिक बवासीर व हाइड्रोसील के मरीजों का 100 फीसदी निःशुल्क इलाज किया। इस अवसर पर तोरण मिलाप ने बताया कि 5 से 8 जनवरी तक कांकेर के आमापारा स्कूल के सामने बवासीर व हाइड्रोसील के मरीजों का निशुल्क इलाज किया जाएगा। मोबाइल नंबर 83 190 21 258 पर संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।

डॉक्टर हेडगेवार का स्वप्न था राष्ट्र और समाज का उत्थान

■ प्राथमिक संघ शिक्षा वर्ग भागूटोला में

कवर्धा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ प्राथमिक/ विशेष प्राथमिक संघ शिक्षा वर्ग 2023 का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर भागूटोला में किया जा रहा है। प्राथमिक संघ शिक्षा वर्ग का शुभारंभ प्रांत किसान कार्य प्रमुख उत्तर यादव, वर्ग कार्यवाह हलधरनाथ योगी, विशेष प्राथमिक वर्ग कार्यवाह राधेश्याम पाली, वर्ग पलक लखन साहू ने दीप प्रज्वलित कर, भारत माता के तैल चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया। सुभाषित, अमृत वचन वर्ग गीत कदम निरंतर चलते जिनके श्रम जिनका अविराम है विजय सुनिश्चित होती उनकी घोषित यह परिणाम है। प्रांत किसान कार्य प्रमुख उत्तर यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा संघ 1925 से निरंतर राष्ट्रोत्कर्ष के लिए प्रयत्नशील है, इस हेतु संघ तरुणों में चरित्र निर्माण एवं राष्ट्रभक्ति के भाव जागृत करने के लिए प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन करता है।

जिपं सीईओ ने ली अफसरों की बैठक

■ अधिकारियों से जिले में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी ली

बेमेतरा/नवप्रदेश। सीईओ जिपं श्रीमती लीना कमलेश मंडावी और अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी की अध्यक्षता में आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा-सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक हुई। बैठक के शुरुआत में जिला पंचायत सीईओ ने समय सीमा के तहत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चल रहें निर्माण कार्यों एवं उसके भुगतान के संबंध में जानकारी ली। सीईओ ने अपूर्ण आंगनबाड़ी को निर्धारित समय के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला मुख्यालय में साथी परियोजना अंतर्गत मिलेट कैफे स्थापना के संबंध में चर्चा की गई।

जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारी को भू-अर्जन की मुआवजा राशि सुधार करने, राजस्व परिपत्र आरबीसी 6-4 के तहत अर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि सभी सरकारी कार्यालय लोक सेवा गारंटी के तहत अधिसूचित सेवायें आवेदन कर्ता को समय-सीमा में उपलब्ध करायें। ताकि शासन के प्रति उनका और विश्वास बढ़े। उन्होंने अधिकारियों से जिले में चल रहें विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी ली।

केन्द्र की योजनाओं से लोगों को जोड़े - सीईओ श्रीमती मंडावी ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएँ जैसे-आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए पीएम आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वच्छ पेयजल सुविधा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना,प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं-मिशन के माध्यम से सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित किया जाये, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाया जा सके।

मंडी में हुआ सुशासन दिवस पर बोनस वितरण

भाटापारा/नवप्रदेश। सुशासन दिवस पर भाटापारा कृषि उपज मंडी में बोनस वितरण दिवस पर इंजीनियर के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शामिल हुए। 25 दिसंबर को भारत के पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के किसानों को दो साल का बकाया बोनस राशि का वितरण किया, भाटापारा मंडी प्रांगण में इंजीनियर के के देवांगन ने सुशासन दिवस पर भाटापारा के किसानों को राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर सभी क्षेत्र के किसानों को बधाई दी और देवांगन ने छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार जो मोदी की गारंटी के साथ सरकार में आई है तो निश्चित ही सभी वादे भाजपा की सरकार पूरी करेंगी।

जिले के 8934 कृषकों को 14 करोड़ 55 लाख मिला बोनस

पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेजी का जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा: चंदूलाल साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। सोमवार को सुशासन दिवस के अवसर पर नगर के कृषि मंडी में बोनस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक के 8934 किसानों को 14 करोड़ 55 लाख रुपए की बोनस राशि का भुगतान तथा 25 से अधिक किसानों को मौके पर ही बोनस प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके साथ ही किसानों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश को भी सुना। वर्चुअली इसकी व्यवस्था की गई थी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चंदूलाल साहू थे। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, नपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, भीखू भाई मयाणी, केशव साहू, मुरलीधर सिन्हा, अजय रोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी जी के छायाचित्र में मल्यार्पण कर किया गया। पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी का पूरा जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित रहा। वे कुशल राजनीतिज्ञ के साथ ही अच्छे कवि और ओजस्वी वक्ता थे। अटल जी ने हमेशा गरीबों और किसानों की चिंता की। उनका ध्येय था की शासन जनता के लिए कल्याणकारी हो। आज हमें गर्व है की उनके पद चिन्हों पर चलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं चला रही। आज मोदी की गारंटी भी पूरी होने जा रही। सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को दो साल का बकाया बोनस का भुगतान हुआ।

अक्षत कलश शोभा यात्रा आज

डोंगरगांव/नवप्रदेश। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या धाम से पूजित अक्षत कलश की भव्य कलश यात्रा बुधवार 27 दिसंबर को नगर में निकाली जायेगी। स्थानीय दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से दोपहर 12 बजे कलश यात्रा का शुभारंभ होगा, जो नगर के विभिन्न मार्गों व मुहल्लों का भ्रमण करने के बाद स्थानीय साकेत धाम में पहुंचेगा, जहां पर कलशों की स्थापना और महाआरती होगी।

22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होने जा रहा है। इसके लिए विश्व हिन्दू परिषद के मार्गदर्शन में अयोध्या जी से पूजित अक्षत कलश की गांव गांव में स्थापना, घर घर तक आमंत्रण पत्र पहुंचाने का अभियान शुरू किया गया है। 27 दिसंबर को नगर में अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए व्यापक तैयारी की गई है। शोभायात्रा से पूर्व अयोध्या से आये 15 अक्षत कलश का 15 विवाहित जोड़ों द्वारा पूजा अर्चना की जाएगी। अक्षत कलश की शोभायात्रा के बाद नगर के विभिन्न मंदिरों में अक्षत कलश की स्थापना की जायेगी। जहां से आगामी दिनों में गांव - गांव में अक्षत कलश भेजने की व्यवस्था विश्व हिन्दू परिषद तथा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा की जायेगी।

पुरुषार्थ भले कमजोर हो पर सही दिशा में : विद्यासागर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सोमवार को आचार्य श्री 108 विद्यासागर महा मुनिराज की सानिध्य में जैन प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी दीपक भैया द्वारा गंज लाईन, राजनांदगांव में स्थित दिगंबर जैन मंदिर नेमिनाथ भगवान के नए भव्य जिनालय हेतु भूमि शुद्ध एवं भूमिपूजन का मंगल कार्य विधि-विधान से मांगलिक मंत्रोचार्य के साथ संपन्न हुआ। दिगंबर जैन समाज के सूर्यकांत जैन ने बताया कि आचार्य विद्यासागर के आशीर्वाद से भूमिपूजन कार्य के लिए चयनित श्रावक श्रेष्ठी सौधर्म इंद्र बनकर रविकांत जैन, अशोक झांझरी, पीसी जैन, सुदेश जैन, अमित जैन, नरेश जैन, सूर्यकांत जैन, अनिल बड़कुल, शिरीष जैन द्वारा भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर श्वेतांबर जैन समाज के साधु श्रेष्ठ मनीष सागर महाराज का आगमन आचार्य विद्यासागर महाराज के दर्शन एवं मंगल देशना सुनने के लिए हुआ। उन्होंने आचार्य श्री के दर्शन कर आचार्य श्री जी को एवं उनके व्यक्तित्व को अपनी प्रेरणा बताते हुए आचार्य विद्यासागर महाराज से मार्गदर्शन एवं मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात उपस्थित जन समुदाय के आग्रह पर आचार्य श्री की मंगल देशना सभी को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

परोक्ष से प्रत्यक्ष की ओर जाने का पुरुषार्थ कमजोर नहीं होना चाहिए। एक बार पुरुषार्थ भले ही कमजोर हो कोई बाधा नहीं, लेकिन वह सही दिशा की ओर हो यह महत्वपूर्ण है। आचार्य श्री ने दूध का उदाहरण देते हुए कहा कि जब आप दूध को देखते हो तो क्या इसमें घी है विश्वास करते हो, लेकिन दूध में घी छिपा हुआ है लेकिन उसका दर्शन नहीं हो पाता, जब हम पुरुषार्थ करते हैं तो 12 घंटे नहीं निकल पाते की दूध के रूप में परिवर्तन दही के रूप में हो जाता है और नवनीत की उपलब्धि हो जाती है। अभी भी आपको घी के दर्शन नहीं हुए, लेकिन जब उस नवनीत को तपाया जाता है, तो उसमें जो विकार है, वह दूर होते चले जाते हैं, फिर आंख बंद भी कर लो तो उसकी गंध से ही सुगंधी दूर से ही महसूस हो जाती है। यह जो एक श्रमण संस्कृति की परंपरा है वह नीचे से ऊपर की ओर जाने की है, जैसे दूध कहता है कि मेरा स्वभाव दबने का नहीं है।

न्यूज गैलरी

बेरला में वाजपेयी जी को किया नमन

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आज 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। नगर पंचायत बेरला में पुराना नगर पंचायत भवन में सुशासन दिवस मनाया गया। स्व अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर मल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा निकाय में सुशासन स्थापित किये जाने संकल्प लिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री को नमन किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 11 स्थित बाज़ार परिसर में वृहद स्तर पर सफ़ाई अभियान चलाया गया। नगर पंचायत बेरला के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष दुबे ने बताया कि यह सप्ताह सुशासन सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा जिसके तहत सप्ताह भर निकाय के अलग-अलग क्षेत्र में वृहद स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष दुबे ने स्वच्छता के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर की सफाई व्यवस्था में आम नागरिकों को सहयोग देने लगातार अपील कर रहें हैं, जिसके लिए वह लगातार समस्त वॉर्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर नागरिकों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पंचायत पार्षद मानक सिंह चतुर्वेदी, संतोष साहू, शिवझड़ी सिन्हा, श्रीमती लक्ष्मीलता वर्मा, जित्तू जैन, रोहित माहेश्वरी, आशीष सोनी, बलराम यादव, नगर पंचायत के उपअभियंता मयंक राठौड़, नगर पंचायत कर्मचारी अजीत वर्मा, ओमप्रकाश शाकार, सुभाषचंद्र सोनी, विपुल चौबे, उपेंद्र बंजारा, खेमराज साहू के साथ वार्ड के स्व सहायता समूह के सदस्यगण, स्वच्छता दीदियां, नगर पंचायत के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण एवं आम नागरिकगण उपस्थित हुए।

विकसित राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत दुगली में 25 दिसंबर को अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर ग्रामपंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पुष्प अर्पण कर सुशासन दिवस मनाया। इस दौरान ग्रामीण भी उपस्थित थे। सुशासन दिवस के अवसर पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प पत्र का वाचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत दुगली के सरपंच रामकुंवर मंडावी,उप सरपंच अर्जुन सिंह नेताम,सुरेन्द्र राज ध्रुव, सुरेखा कोर्राम,भूमिका सोरी,पनकीन नेताम, साधना साक्षी,सोहन मरकाम,नंन्द कुमार रजक,शत्रुघन नेताम,पी कश्यप,जयलाल नेताम,चंदन कोर्राम, ग्राम पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

छत्तीसगढ़ी में उद्गारों को व्यक्त करने की अद्भुत क्षमता : आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम पंचायत बहेरा में आयोजित बाबा की जयंती में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा शामिल हुए। ग्रामवासियों एवं समाज के द्वारा अतिथिगणों का पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के साथ भव्य स्वागत किया। बाबा घासीदास की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि आज बड़ा सौभाग्य का विषय है। बाबा का ''मनखे-मनखे एक समान'' का संदेश हम सबका आदर्श है। कुछ ही शब्दों में गुरु घासीदास ने इतना अद्भुत संदेश दुनिया को दिया है, इससे यह भी पता चलता है कि हमारी छत्तीसगढ़ी भाषा में हृदय के उद्गारों को व्यक्त करने की कितनी अद्भुत क्षमता हैं। उन्होंने एक ऐसे समाज की कल्पना की, जहाँ सभी लोग बराबर हैं, इसमें आदर्श समाज की परिकल्पना है, उनकी संकल्पना के अनुरूप छत्तीसगढ़ में हम सब बहुत सद्भाव से रहते हैं, सद्भाव हमारी संस्कृति का मूल है।

स्वामी आत्मानंद विद्यालय में खेलकूद स्पर्धा

साजा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय साजा के प्राचार्य मनीष वर्मा, उप प्राचार्य सुमित भंडारी एवं सभी शिक्षकगणों की उपस्थिति में 21 से 23 दिसंबर तक तीन दिवसीय खेल उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिता आरंभ होने से पहले सभी विद्यार्थियों को खेल के प्रति सच्ची निष्ठा एवं ईमानदारी की शपथ दिलाई गई। साथ ही खेल प्रतियोगिता का आरंभ सरस्वती पूजन से किया गया। खेल दिवस के साथ 22 दिसंबर को गणित के महत्व के बारे में बताया गया। खेल शिक्षक हर्ष यादव के द्वारा विद्यार्थियों को चार ग्रुपों में बांटा गया, इन चारों ग्रुपों का नाम छत्तीसगढ़ के नदियों के आधार पर रखा गया, महानदी (रेड हाउस), शिवनाथ नदी (ब्लू हाउस), अरपा नदी (ग्रीन हाउस), इंद्रावती नदी (येलो हाउस) हैं। खेलों का प्रारंभ प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों के द्वारा किया गया, जिसमें कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, सुई धागा, दौड़, आलू दौड़, बोरा दौड़ आदि खेल शामिल रहें, इन सभी खेलों को गायत्री केवट, श्रीवता टंडन, रूबी वर्मा, प्रणिता राजपूत शिक्षकों के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया तथा माध्यमिक एवं हाई स्कूल के बालक बालिकाओं के द्वारा शतरंज, बैडमिंटन, दौड़, कबड्डी, खो खो, रस्सा खींच, कैरम इत्यादि खेल खेला गया।

योजनाओं का पात्र को मिले लाभ : जोशी

बेमेतरा/नवप्रदेश। संयुक्त सचिव भारत सरकार एवं ज़िला प्रभारी अधिकारी आशीष जोशी (आईएएस) ने कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में ज़िला अधिकारियों की बैठक लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाले आयुष्मान कार्ड की प्रगति की जानकारी ली। केसीसी व नल जल योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों मे प्रदाय की जाने वाली जल सप्लाई के बारे मे पूछा। महिला बाल विकास विभाग से पोषण अभियान व प्रधान मंत्री मातृ योजना की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जिले मे टीबी के मरीजों की संख्या पूछी व उसके सही डोज़ नियमित रूप से देने की बात कही। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अंतिम पात्र हितग्राही को लाभ पहुँचाना हैं। इसके लिए केंद्र सरकार की और से दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं।

साजा विधायक ईश्वर ने किसानों को प्रदान किया बोनस राशि का प्रमाण पत्र

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती आज 25 दिसंबर को बेमेतरा जिलें के चारों विकासखंड में कार्यक्रम का आयोजन कर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इसी क्रम में आज साजा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक ईश्वर साहू ने प्रातः 10 बजे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं आमजनता द्वारा सुशासन स्थापित करने संकल्प लिया। सुशासन दिवस के अवसर पर खरीफ विपणन वर्ष 2014.15 एवं 2015.16 में धान बेचन वाले कृषकों के लम्बित बोनस राशि वितरण किया गया। साजा ब्लॉक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ईश्वर साहू उपस्थित थे।

सुशासन दिवस के अवसर पर किसानों को खरीफ वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के लंबित बोनस की राशि का वितरण किया गया। बेमेतरा जिलें में 54 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं 85 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से वर्ष 2014-15 में 71602 कृषकों से 37 लाख 65 हजार क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। जिसका प्रति क्विंटल 300 रुपए की दर से 112 करोड़ 97 लाख रूपये बोनस राशि का वितरण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2015-16 में 72134 कृषकों से 39 लाख 74 हजार क्वि धान की खरीदी की गई थी। जिसका प्रति क्वि. 300 रू. की दर से 119 करोड़ 24 लाख रूपये बोनस राशि का भुगतान किया जा रहा हैं। इस तरह बेमेतरा जिलें का कुल 72134 कृषकों को 232 करोड़ 21 लाख रूपये का अंतरण कृषकों के सीधे उनके बैंक खाते में किया जा रहा है। शासन के निर्देश के अनुरूप खरीफ वर्ष 2023-24 में प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्वि. प्रति एकड़ लिंकिंग सहित निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार जिले के 129 उपार्जन केन्द्रों में 21 क्वि. प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी प्रारंभ की गई है। ऐसे किसान जो पूर्व में अपना धान विक्रय कर चुके है उन्हे भी उक्त पात्रता अंतर्गत चौथा टोकन प्राप्त कर धान विक्रय करने की सुविधा होगी। खरीफ वर्ष 2023-24 में जिले में धान उपार्जन हेतु 158737 कृषकों के 187210 हेक्टेयर का पंजीयन किया गया है। जिले में धान खरीदी का लक्ष्य 81 लाख क्वि है। अभी तक 81636 कृषकों से 39 लाख 89 हजार क्विं. कि धान खरीदी कर ली गई है। जिसमें से 79835 कृषकों को 853 करोड़ 31 लाख रू. का भुगतान कृषकों के बैंक खाते में किया जा चुका हैं।

साजा विकासखंड में 26 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से वर्ष 2014-15 में 18882 कृषकों से 924294 क्विं. धान की खरीदी की गई थी। जिसकी प्रति क्विंटल 300.00 रू. की दर से 27 करोड़ 72 लाख 88 हजार रूपये बोनस का वितरण इसी प्रकार वर्ष 2015-16 में 19208 कृषकों से 978703 क्विं. धान की खरीदी की गई थी। जिसकी प्रति क्वि. 300.00 रूपये की दर से 29 करोड़ 36 लाख 11 हज़ार रूपये का भुगतान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। इस तरह साजा विकासखण्ड के कृषकों को लगभग 57 करोड़ 09 लाख का अंतरण कृषकों को सीधे उनके बैंक खाते में किया गया।

दिव्यांग बच्चों ने पैरा एथलेटिक्स में दिखाया अपना दम

- **3 स्वर्ण, 2 रजत एवं 4 कांस्य सहित कुल 9 पदक प्राप्त किया**

बीजापुर/नवप्रदेश। 14 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 24 दिसंबर तक रायपुर में आयोजित हुआ । जिसमें दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (समर्थ) बीजापुर के दिव्यांग बच्चों ने अपना बेहतर प्रदर्शन कर कुल 09 पदक अपने नाम किए जिसमें 03 स्वर्ण पदक, 02 रजत एवं 04 कांस्य पदक प्राप्त हुआ। दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के विद्यार्थी ईश्वर पोड़ियाम ने 01 स्वर्ण एवं 01 कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी तरह मनीराम हपका ने 01 स्वर्ण, 01 कांस्य, संतोष तेलम ने 02 रजत, दीपक कुमार ने 02 कांस्य, सीमोन ने 01 स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस तरह कुल 09 पदक हासिल किए वहीं मिथुन और मोहन को प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राज्य भर के कुल 213 दिव्यांग विद्यार्थी ने भाग लिए थे। जिसमें विविध खेल 100 मीटर दौड़, तवां फेक, गोला एवं भाला फेक इत्यादि को शामिल किया गया था। बच्चों को खेल में शामिल कराने उनके सकुशल आने-जाने एवं देखरेख हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा उप संचालक समाज कल्याण कमलेश कुमार पटेल, सुरेश सोनी, बी. बसमैया (केयर टेकर) संदीप कुमार गुप्ता (कोच) को जिम्मेदारी दी गई थी। जीत की हार्दिक बधाई देते हुए कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने बीर बाल दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों को सम्मानित कर हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और दिव्यांग पुनर्वास के कोच सहित बच्चों के देखरेख करने वाले सभी कर्मचारियों-शिक्षकों को शुभकामनाएं दी एवं विजेता खिलाड़ियों के साथ ग्रुप फोटोग्राफी कराया।

19901 किसानों के खाते में दो वर्ष की बकाया राशि अंतरित

बेमेतरा/नवप्रदेश। आज अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर को छग शासन द्वारा सुशासन दिवस के अवसर पर धान बोनस वितरण राशि कार्यक्रम पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल के मुख्य आतिथ्य में विकासखंड बेरला के मड़ई मैदान में संपन्न हुआ। इसमें वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के लाभान्वित कृषक कुल19901 किसानों को कुल 67 करोड़ 1 लाख 45 हजार की राशि संबंधित कृषकों के बैंक खाते में मुख्यमंत्री छग शासन द्वारा वर्चुअल रूप से बैंक खाते में सीधा हस्तांतरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित कृषकों को धान बोनस वितरण राशि प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों व कृषकों व आम जन के द्वारा सुशासन दिवस का शपथ ली। इस दौरान जिला पंचायत सभापति श्रीमति पुष्पा साहू, जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा, मण्डल अध्यक्ष बेरला बलराम पटेल, जनपद सदस्य श्रीमति सरस्वती साहू, जनपद सदस्य अंजलि प्रीतम चंदेल, महेंद्र वर्मा व धनेश यदु, महामंत्री पोषण वर्मा, डोमेन्द्र राजपूत, त्रिलोचन वर्मा, विनोद दुबे, संजीव तिवारी, गौकरण साहू, कैलाश शर्मा, शांति लाल जैन, मानक चतुर्वेदी, लता वर्मा, संतोष साहू, रवि आडिल, मानसिंह वर्मा, चंद्रिका वर्मा, लाला राम साहू, संतोष रजक सहित अन्य गणमान्य नागरिक व भारी संख्या में कृषक व आम जन उपस्थित थे।

जनपद पंचायत में मनाया गया सुशासन दिवस

बीजापुर/नवप्रदेश। जनपद पंचायत बीजापुर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को उनके जयंती पर स्मरण कर सुशासन दिवस मनाया गया। इस दौरान भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र में माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात संकल्प लेकर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत गीत कुमार सिन्हा सहित जनपद कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

कम्युनिटी पुलिसिंग क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन

पेंड्रा/नवप्रदेश। जिले में कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिले के पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के नेतृत्व में पुलिस लाइन रक्षित केंद्र पेंड्रा में आयोजित किया जा रहा है। जहां इस क्रिकेट प्रतियोगिता में लगभग 32 ग्राम पंचायत की टीमों ने हिस्सा ले रही है। इसकी शुरुआत 23 दिसंबर को हुई। जिसमें पहला शुभारंभ मैच पत्रकार इलेवन एवं पुलिस इलेवन के बीच खेला गया। इसमें पुलिस इलेवन ने विजय हासिल की। दूसरा मैच अडभार एवं लटकोनी के मध्य खेला गया था। इसमें अडभार की टीम ने विजय हासिल की थी। वहीं जिले की पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने कहा कि खेलों में अनुशासन का पालन होना चाहिए और हार जीत की परवाह किए बगैर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को बधाई देते हुए आश्वस्त कराया कि आगे भी खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ अन्य आयोजन कर कम्युनिटी पुलिसिंग की मिसाल पेश की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता एक सप्ताह तक चलेगी और इसमें करीब 32 टीमें हिस्सा ले रही है। वहीं ग्राम पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। साथ ही लोगों को यातायात नियम और नागरिक कर्तव्यों व दायित्व का भी बोध भी कराया जा रहा है।

मुसराकला को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने का लिया संकल्प

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के दिशा निर्देशानुसार विगत दिनों ग्राम पंचायत मुसरा कला में विशेष ग्राम सभा बैठक का आयोजन की गई, जिसके तहत जीपीडीपी हमर गांव हमर योजना हेतु नौ थीम को शामिल कर वर्ष 2024-25 हेतु कार्य योजना बनाई गई है। गौरतलब है कि इसमें मुख्य बिंदु गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका पंचायत, स्वस्थ पंचायत, सुशासन वाली पंचायत, चाइल्ड फ्रेंडली पंचायत, पानी पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ और हरित पंचायत, पंचायत में आत्मनिर्भर अधोसंरचना, सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत और महिला हितैषी पंचायत आदि शामिल हैं। समस्त ग्रामवासियों द्वारा ओडीएफ प्लस की शपथ दिलाई गई है।

उक्त बैठक में 25 दिसंबर सुशासन दिवस के अवसर में ग्रामवासियों द्वारा संकल्प पारित किया गया है कि ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने, जिसके लिए 29 दिसंबर को विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सर्वआदिवासी समाज के अध्यक्ष भरत दीवान के निधन से जिले में शोक की लहर

- **विधायक रोहित साहू, जनक राम ध्रुव सहित अनेक जन प्रतिनिधियों ने जताया दुख**

गरियाबंद/नवप्रदेश। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष भरत दीवान का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन से सर्व आदिवासी समाज सहित पूरे जिले में शोक की लहर है। उनके निधन पर राजिम विधायक रोहित साहू, बिंद्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव, पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, सर्व आदिवासी समाज प्रदेश अध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम ने शोक व्यक्त किया है। रविवार उनके गृह ग्राम जेंजरा में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इसमें आदिवासी समाज प्रमुख, पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले, डीएफओ मणिवासगण एस, एसडीएम भूपेंद्र साहू, एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक, थाना प्रभारी भोलाराम जगत, सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष मनीष ध्रुव और कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया।

शनिवार दोपहर के बाद भरत दीवान की तबीयत बिगड़ी। शाम को उन्हें जिला अस्पताल गरियाबंद में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर रविवार सुबह 11 बजे उन्हें रायपुर रिफर करने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

उनके निधन की खबर मिलते ही जिले में शोक को लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उन्हें अंतिम दर्शन के लिए गृह ग्राम जेंजरा पहुंचे। सरपंच संघ अध्यक्ष मनीष ध्रुव ने कहा कि सीधे सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी भरत दीवान का जीवन समाज सेवा में समर्पित रहा। लंबे समय से वे सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष थे। अक्सर वे लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकारी दफ्तर में दिखाई पड़ते थे। समाज सेवा की ललक, कुशल व्यवहार और सजगता के कारण ग्राम जेंजरा ही नहीं पूरा गरियाबंद जिला उन्हें भली भांति परिचित था, उनका सम्मान करता था।

खुरसुला स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

बिलाईगढ/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला विकासखंड - बिलाईगढ़, जिला -सारंगढ़ - बिलाईगढ़ के कक्षा - 12 वीं के छात्र -छात्राओं को संस्था प्राचार्य के निर्देशन में पर्यटन स्थल राजिम तथा चंपारण जिला गरियाबंद का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। राजिम छत्तीसगढ़ के महानदी के तट पर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल हैं। इसे छत्तीसगढ़ का प्रयाग भी कहा जाता है। यहाँ के प्रसिद्ध राजीव लोचन मंदिर में भगवान विष्णु प्रतिष्ठित है। यहाँ पर महानदी, पैरी, सोंढूरनदी का संगम होने के कारण यह स्थान छत्तीसगढ़ का त्रिवेणी संगम कहलाता है। संगम के मध्य में कुलेश्वर महादेव मंदिर भी पहुंचे। ऐसी मान्यता है कि वनवास काल में श्रीराम भगवान ने इस स्थान पर अपने कुल देवता महादेव की पूजा की थी। इस स्थान का प्राचीन नाम कमलक्षेत्र है। ऐसी मान्यता है कि सृष्टि के आरंभ में भगवान विष्णु के नाभि से निकला कमल यहीं पर स्थित था और ब्रह्मा जी ने यहीं सृष्टि की रचना की थी। कुलेश्वर महादेव तक पहुंचने के लिए भव्य लक्ष्मण झूला का निर्माण किया गया है। चंपारण धाम भी वैष्णव पंथ के संत महाप्रभु वल्लभाचार्य का जन्मस्थान माना जाता है संत महाप्रभु वल्लभ संप्रदाय के संस्थापक और सुधारक थे। यहां संत महाप्रभु की छठी बैठक भी है। बैठक के समीप यहां पर चंपेश्वर महादेव का प्रसिद्ध मंदिर है और समीप में माता यमुना का मंदिर है। इस मंदिर को आकर्षक डिजाइन व चित्रकारी कर सजाया गया है श्री बैठक जी के मंदिर में मंगला दर्शन, श्रृंगार दर्शन, राजभोग दर्शन, उत्थापन दर्शन, शयन दर्शन में से एक उत्थापन दर्शन को संध्या 04 से 05 बजे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को दर्शन करने का अवसर मिला।

संकल्प यात्रा में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता से करें हल : कलेक्टर

नारायणपुर/नवप्रदेश। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में प्राप्त आवेदनों का शतप्रतिशत निराकरण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि शिविरों में आयुष्मान भारत योजना के कार्ड, आधार लिंक कराने सहित केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के एलईडी वाहन के माध्यम से जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में पहुंचाई जा रही है। वीडियो को देखाकर ग्रामीणों को सभी योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिये। संकल्प यात्रा में राशन कार्ड में नाम जोड़ने, गली निर्माण करने, वनाधिकार पट्टा, नलजल योजना से जोड़ने, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना का लाभ के लिए शिविर में ग्रामीणों को जानकारी देकर आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करें। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन के नोडल अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जा सके इसके लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। शिविर में उपस्थित होने के लिए स्वास्थ्य, खाद्य, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनपद सीईओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया गया है।

उन्होने समय सीमा के लंबित प्रकरणों एवं पत्रों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय सीमा मे प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें ताकि राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को समय पर मिल सके। उन्होंने जिले में संचालित सभी आश्रम एवं छात्रावासों और विद्यालयों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने हैण्डपंप की मरम्मत, जाति प्रमाण पत्र, लोक सेवा केन्द्र की सेवाओं का सतत संचालित करने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाउंड्रीवॉल का निर्माण, विद्युतीकरण तथा धान खरीदी के लिए बारदाना किसानों को उपलब्ध कराने की समीक्षा की गई। आंगनबाड़ी केन्द्रों में नीति आयोग के निर्देशानुसार स्वीकृत निर्माण कार्य सड़क, स्कूल, आंगनबाड़ी भवनों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक मे राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिवासी विकास विभाग, कृषि, महिला एवं बाल विकास, क्रेडा, विद्युत, पशुधन सहित अन्य संबंधित विभागों के कार्यों

छोटे कार्य करने वालों का कराएं पंजीयन

उन्होंने जनपद सीईओ और चिप्स के डाटा मेनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में निवासरत धोबी, दर्जी, माली, मोची, नाई, बुनकर, रिक्शा चालक, घरेलू कर्मगार, कचरा बीनने वाले, हाथ ठेला चलाने वाले, फुटकर सब्जी विक्रेता, चाय ठेला लगाने वाले, फुटपाथ व्यापारी, कुली रेजा, जनरेटर लाईट उठाने वाले, केटरिंग में कार्य करने वाले, फेरी वाले, मोटर सायकल मरम्मत करने वाले, आटो चालक जैसे 55 प्रवर्गों के लिए राज्य सरकार की योजना से जोड़ने के लिए उद्योग विभाग मे पंजीयन करावाएं।

ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का ऐलान

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 28 दिसंबर से वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होने वाली सीरीज के लिए श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक और टिटास साधु को पहली बार भारत की महिला वनडे क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर श्रेयंका ने इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में अपना टी20 डेब्यू किया, जिसमें उन्होंने पांच विकेट लिए। बाएं हाथ की स्पिनर सैका ने भी उसी श्रृंखला में पांच विकेट लिए और आखिरी मैच में (3-22) निर्णायक स्पैल के साथ अपनी चमक बिखेरी।

टिटास और मन्नत, जो इस साल की शुरुआत में भारत की अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप जीत की सदस्य थीं, उन्हें वनडे टीम में नामित किया गया है। बाएं हाथ की स्पिनर मन्नत ने अभी तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू नहीं किया है। स्ट्रेस फ्रैक्चर की चोट के बाद इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी करने वाली तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष के साथ वनडे सेट-अप में वापस आ गई हैं, जिन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया था, जिसे भारत ने आठ विकेट से जीता।भारत लंबे अंतराल के बाद घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच खेलेगा। तीन मैचों की सीरीज महिला वनडे विश्व कप-2025 की तैयारी के संदर्भ में बहुत महत्व होगी, जहां वे मेजबान देश होंगे। जहां तक टी20 टीम का सवाल है, नीतू डेविड की अगुवाई वाली चयन समिति ने निरंतरता दिखाई है और उन्हीं खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, जो इंग्लैंड के खिलाफ खेले थे। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज के तीनों मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होने हैं। पहला मैच 28 दिसंबर को होगा। अगले दो वनडे क्रमशः 30 दिसंबर और 2 जनवरी को खेले जाएंगे। इसके बाद नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में तीन टी20 मैच होगें। जो 5, 7 और 9 जनवरी को खेले जाएंगे।

वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेनुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, हरलीन देयोल।

टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेनुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तीन खिलाड़ियों का अनुरोध किया

अफगानिस्तान। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने तीन खिलाड़ियों मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, फजल फारूकी को नेशनल कॉन्ट्रैक्ट से रिलीज करने के अनुरोध को नामंजूर कर दिया है। साथ ही बोर्ड ने इन तीनों खिला?ियों पर अनुशासनात्मक करवाई करते हुए इन तीनों के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को भी रोक दिया है। इसके साथ ही इन खिला?ियों को अगले दो सालों के लिए एनओसी न देने का भी फैसला किया है। जिसमें वर्तमान में मौजूद किसी भी एनओसी को कैंसिल करना भी शामिल है।दरअसल मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, फजल फारूकी ने दुनिया भर के क्रिकेट लीग में खेलने के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से नेशनल सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट रिलीज करने का अनुरोध किया था। तीन खिलाड़ियों ने बोर्ड को अपने फैसले के बारे में बताया था, जिसमें खुद को 1 जनवरी, 2024 से शुरू होने वाले सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से रिलीज करने की इच्छा जाहिर की थी और नेशनल आयोजनों में उनकी भागीदारी के लिए उनकी सहमति पर विचार करने का अनुरोध किया था। बोर्ड ने इन तीनों खिला?ियों को नेशनल टीम को तव्वजो देने की जगह लीग टूर्नामेंट में खेलने की प्राथमिकता देने से नाराज है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आधिकारिक तौर पर बयान जारी कर तीनों खिला?ियों के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को रोके जाने की बात कही गई है। बोर्ड से जारी बयान में कहा गया है कि ये तीनों खिलाड़ी अफगानिस्तान के लिए खेलने से ज्यादा कॉमर्शियल लीग और अपने निजी रुचि की ओर ध्यान दे रहे हैं। वे नेशनल ड्यूटी को प्राथमिकता नहीं दे रहे हैं।अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ओर से दिए गए वर्तमान आदेश से भविष्य में मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक और फजल फारूकी के ढ्ढक्कखेलने पर भी प्रभाव प? सकता है। हालांकि, एसीबी ने भी वर्तमान एनओसी को कैंसिल नहीं किया है, लेकिन एसीबी ने अपने आदेश में इन तीनों खिला?ियों को 2 साल का एनओसी न देने का फैसला किया है। जिसमें वर्तमान में मौजूद किसी भी एनओसी को कैंसिल करना भी शामिल है। मुजीब उर रहमान ढ्ढक्क के कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में शामिल हैं।

आंखों की कमजोर रोशनी के कारण वर्ल्ड कप में संघर्ष कर रहे थे शाकिब

नई दिल्ली। बांग्लादेश टीम के कप्तान और स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने हाल ही में एक बड़ा खुलासा किया है। शाकिब ने बताया कि वह वनडे विश्व कप 2023 में आंखों की कमजोर रोशनी की वजह से अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाए।

शाकिब ने कहा कि उनकी बायीं आंख में थोड़ी दिक्कत है, जिसके कारण उन्हें धुंधला नजर आ रहा है। डॉक्टर ने उन्हें आंखों की ड्रॉप दी और स्ट्रेस कम लेने की सलाह दी। शाकिब ने क्रिकबज से कहा, मुझे गेंद का सामना करने में काफी परेशानी हो रही थी। यह विश्व कप के एक या दो मैचों में नहीं है, बल्कि पूरे विश्व कप के दौरान मुझे यह परेशानी हुई।बांग्लादेशी कप्तान ने कहा, जब मैं डॉक्टर के पास गया तो मेरे कॉर्निया या रेटिना में पानी था और उन्होंने मुझे ड्रॉप्स दी थी। साथ ही यह कहा गया था कि मुझे अपना तनाव कम करना होगा। मुझे नहीं पता है कि क्या यही कारण था। लेकिन जब मैंने अमेरिका में दोबारा जांच की तो कोई तनाव नहीं था और मैंने डॉक्टर को बताया कि कोई विश्व कप नहीं है इसलिए स्वाभाविक रूप से कोई तनाव नहीं है। यह ऑलराउंडर, जो अक्सर अपनी टीम के लिए आकर्षण का केंद्र होता है। बल्ले से अपनी लय पाने के लिए टूर्नामेंट में संघर्ष करता नजर आया और टूर्नामेंट में केवल 186 रन ही बना सका। फिर भी, शाकिब ने श्रीलंका के खिलाफ मैच विनिंग 82 रन की पारी खेली। बांग्लादेश का अभियान, जो कभी आकांक्षाओं से भरा हुआ था लगातार हार की कहानी में बदल गया।

मैनचेस्टर सिटी की रडार पर फ्लुमिनेंस मिडफील्डर आंद्रे

रियो डी जनेरियो। दक्षिण अमेरिकी देश की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मैनचेस्टर सिटी फ्लुमिनेंस और ब्राजील के अंतर्राष्ट्रीय मिडफील्डर आंद्रे के लिए विचार कर रहा है।मौजूदा प्रीमियर लीग और यूरोपीय चैंपियन को आंद्रे के हस्ताक्षर के लिए बार्सिलोना और लिवरपूल से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। इसमें आगे बताया गया है कि 22 वर्षीय खिलाड़ी ने सऊदी अरब में फीफा क्लब विश्व कप के दौरान मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला को प्रभावित किया था, जिसे प्रीमियर लीग क्लब ने पिछले शुक्रवार को फाइनल में फ्लुमिनेंस को 4-0 से हराकर जीता था। आंद्रे अपने संयम और शानदार पासिंग रेंज के लिए जाने जातें हैं। उन्होंने 2020 में क्लब की युवा अकादमी से प्रमोट होने के बाद से फ्लुमिनेंस के लिए 170 प्रथम-टीम में मैच खेले हैं। फुटबॉल डेटा प्लेटफॉर्म ट्रांसफरमार्केट के अनुसार, उनका दिसंबर 2026 तक रियो डी जनेरियो संगठन से अनुबंध है और उनका मार्केट वैल्यू 25 मिलियन यूरो है।

नवीन ने 1000 रेड प्वाइंट किया पार दबंग दिल्ली ने शानदार जीत दर्ज की

चेन्नई। प्रो कबड्डी लीग में शीर्ष रेडर नवीन कुमार ने मास्टरक्लास का प्रदर्शन करते हुए 11 रेड प्वाइंट बनाए और दबंग दिल्ली के.सी. ने 1000 रेड प्वाइंट को पार कर बंगाल वॉरियर्स पर 38-29 से जीत दर्ज की। नवीन कुमार और आशु मलिक ने दबंग दिल्ली के.सी. के रूप में रेड को प्रभावित किया। तीसरे मिनट में 3-0 से बढ़त ले ली। दिल्ली की टीम ने वॉरियर्स पर दबाव बनाना जारी रखा और मैट पर उनके दो सदस्य कम कर दिए। कुछ ही क्षण बाद दिल्ली ने श्रीकांत जाधव को टैकल किया और मैच का पहला ऑल-आउट करके 9-2 की भारी बढ़त ले ली। मनिंदर सिंह ने कुछ रेड अंक हासिल किए, लेकिन दिल्ली ने फिर भी 9वें मिनट में 10-5 की बढ़त बनाए रखी। आशीष ने दबंग दिल्ली के.सी. के रूप में कुछ शानदार टैकल किए। 14वें मिनट में 14-7 से बढ़त बरकरार रखी। नवीन ने शानदार रनिंग हैंड टच का प्रदर्शन किया और 16वें मिनट में वॉरियर्स को मैट पर केवल दो सदस्यों तक सीमित कर दिया। दिल्ली की टीम ने नितिन कुमार को टैकल किया और ब्रेक से ठीक पहले एक और एआई-आउट दिया। दबंग दिल्ली के.सी. पहले हाफ की समाप्ति पर 23-16 से अच्छी बढ़त बनाए रखी। दिल्ली की रक्षा इकाई ने दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटों में मनिंदर सिंह और श्रीकांत जाधव को टैकल किया और 25वें मिनट में अपनी टीम को 27-18 से बड़ी बढ़त दिलाने में मदद की। कुछ ही देर बाद नवीन ने प्रो कबड्डी लीग में अपना 1000वां रेड पॉइंट दर्ज किया। मनिंदर सिंह और श्रीकांत जाधव ने रेड प्वाइंट के जरिए गति हासिल करने की कोशिश की, लेकिन दिल्ली की रक्षा पंक्ति मजबूत बनी रही और सुनिश्चित किया कि उनकी टीम 31वें मिनट में 30-20 से आगे रहे।

बिजनेस

क्रिप्टोकरेंसी के लिए 2023 रहा अब तक का सबसे अच्छा साल

न्यूयॉर्क। क्रिप्टो के वजूद में आने का 14वां वर्ष घोटाले, दिवालियापन, धोखाधड़ी और नियामक विवादों से भरा रहा। यह उद्योग जगत के लिए सबसे अच्छा वर्ष रहा।

बिटकॉइन, क्रिप्टो की प्रमुख संपत्ति इस वर्ष 160 प्रतिशत बढ़ी है। दो हाई-प्रोफाइल अदालती मामले उद्योग के पक्ष में आए। मुख्यधारा के निवेश उत्पाद के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित मंजूरी जनवरी में मिलने की उम्मीद है, जिससे संभावित रूप से नए निवेशकों की बाढ़ आ जाएगी।

वित्तीय दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह, मुद्रास्फीति में नरमी, बढ़ती अर्थव्यवस्था और फेड की ब्याज दरों में बढ़ोतरी के लंबे समय से प्रतीक्षित अंत में व्यापक आर्थिक तस्वीर में सुधार से डिजिटल परिसंपत्तियों को बढ़ावा मिला।

कॉइनबेस के मुख्य नीति अधिकारी फरयार शिरज़ाद कहते हैं, 2023 ग्रिफ़्टर्स के लिए बुरा साल और बिल्डरों के लिए अच्छा साल था। हम 2024 में जा रहे हैं और कई सबसे खराब ग्रिफ़्टर्स बाज़ार से बाहर हो जाएंगे, और यह एक अच्छी बात है।

2024 में क्रिप्टो के लिए मुख्य कार्यक्रम अगले महीने आ सकता है, जब अमेरिकी नियामकों से अमेरिकी बाजार में पहले स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ, या एक्सचेंज ट्रेडेड फंड के लिए आवेदनों को हरी झंडी देने की उम्मीद है। सीधे शब्दों में कहें तो स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ निवेशकों को वास्तव में डिजिटल मुद्रा के मालिक हुए बिना बिटकॉइन की कीमत को ट्रैक करने की अनुमति देता है। यह कुछ कारणों से मुख्यधारा के निवेशकों के लिए आकर्षक है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सबसे पहले यह उन रोजमर्रा के निवेशकों को, जो क्रिप्टो से सावधान रहते हैं, कुख्यात अस्थिर बाजार में अपना पैर जमाने का अपेक्षाकृत सुरक्षित तरीका देता है।

ईटीएफ पारंपरिक स्टॉक एक्सचेंजों पर भी व्यापार करते हैं, जिसका अर्थ है कि निवेशक क्रिप्टो-वर्स में एक नया खाता बनाने के बजाय अपने आजमाए हुए ब्रोकरेज के माध्यम से उन तक पहुंच सकते हैं। और, निस्संदेह, नियामक निरीक्षण की संभावना सुरक्षा और पारदर्शिता की एक और परत जोड़ती है।

इंक्रेड ने 60 मिलियन डॉलर जुटाए, 2023 में भारत का दूसरा यूनिकॉर्न बना

नई दिल्ली। सूखे को खत्म करते हुए, फिनटेक ऋणदाता इंक्रेड इस साल नए और मौजूदा निवेशकों से 60 मिलियन डॉलर जुटाने के बाद भारत का दूसरा यूनिकॉर्न बन गया है, इंट्रैकर की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंक्रेड की धन प्रबंधन सहायक कंपनी इंक्रेड वेल्थ ने 36.76 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ फंडिंग राउंड का नेतृत्व किया, इसके बाद एमईएमजी फैमिली ऑफिस ने 9 मिलियन डॉलर का निवेश किया। रिपोर्ट के मुताबिक, आरपी ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन रवि पिल्लई और डॉयचे बैंक के सह-प्रमुख राम नायक ने क्रमशः 5.4 मिलियन डॉलर और 1.2 मिलियन डॉलर का निवेश किया। इनक्रेड स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड वीसीसी, इनक्रेड की सिंगापुर-पंजीकृत इकाई, वेरेनियम कैपिटल एडवाइजर्स और एनएबीएस वृद्धि ने भी इस दौर में भाग लिया। इस फंडिंग के साथ, इंक्रेड का मूल्य अब .1.03 बिलियन हो गया है।

एफडीआई फ्लो 21 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

मुंबई। आरबीआई द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, भारत में आने वाला एफडीआई अक्टूबर में 21 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो अर्थव्यवस्था की मजबूत होती बुनियाद को दर्शाता है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में भारत में शुद्ध एफडीआई सितंबर के 1.55 अरब डॉलर से बढ़कर 5.9 अरब डॉलर रहा। यह लगातार तीसरा महीना है जब शुद्ध एफडीआई में बढ़ोतरी देखी गई है।

इक्विटी में पूरे एफडीआई फ्लो का लगभग चार से पांचवां हिस्सा विनिर्माण, खुदरा, ऊर्जा और वित्तीय सेवा क्षेत्र में निवेश किया गया। मॉरीशस, सिंगापुर, साइप्रस और जापान प्रमुख देश थे जहां से देश में एफडीआई का फ्लो हुआ। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के आंकड़ों से पता चलता है कि शुद्ध एफडीआई फ्लो पिछले वर्ष की समान अवधि के 20.8 बिलियन डॉलर से घटकर 10.4 बिलियन डॉलर रह गया।इस महीने जारी संयुक्त राष्ट्र ईएससीएपी आंकड़ों के अनुसार, दुनिया भर में मंदी के बीच भारत लगातार दूसरे वर्ष 2023 में सबसे अधिक एफडीआई प्राप्त करने वाला देश बना हुआ है।एक्सटर्नल कमर्शियल बौरोइंग (ईसीबी) और नॉन-रेसिटेंट डिपोजिट अकाउंट्स के तहत शुद्ध प्रवाह पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है और बाहरी एफडीआई प्रतिबद्धताओं में भी गिरावट आई है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है।आरबीआई द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर 15 दिसंबर तक 20 महीने के उच्चतम स्तर 615.97 बिलियन डॉलर पहुंच गया।विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से आरबीआई को रुपए को स्थिर करने में मदद मिलती है। आरबीआई रुपए को दबाव में आने से रोकने के लिए अधिक डॉलर जारी कर हाजिर और वायदा मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करता है।देश की विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी तेज गिरावट से आरबीआई के पास रुपए को स्थिर करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने की गुंजाइश कम हो जाती है।

गेमिंग स्टार्टअप के लिए वीसी फंड किया लांच

नई दिल्ली। स्टार्टअप नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म स्कोप, ने मंगलवार को 45 मिलियन डॉलर का एक उद्यम पूंजी कोष लॉन्च किया, जो फिनटेक और गेमिंग क्षेत्रों पर केंद्रित है।

स्कोप की वीसी शाखा असाधारण वादे और विघटनकारी क्षमता प्रदर्शित करने वाले अभूतपूर्व स्टार्टअप की पहचान, पोषण और तेजी लाने के लिए एक स्वतंत्र इकाई के रूप में काम करेगी। वीसी शाखा सक्रिय रूप से नवीन समाधानों, विघटनकारी प्रौद्योगिकियों और फिनटेक व गेमिंग के भीतर उद्योग मानदंडों को फिर से परिभाषित करने की क्षमता का प्रदर्शन करने वाले स्टार्टअप्स की खोज करेगी।

स्कोप के संस्थापक और सीईओ अप्पल्ला सैकिरन ने कहा,फिनटेक और गेमिंग सिर्फ उद्योग नहीं हैं, वे वैश्विक परिवर्तन लाने वाले गतिशील पारिस्थितिकी तंत्र हैं। स्कोप के वीसी के साथ, हम साहसी दृष्टिकोण वाले स्टार्टअप के लिए एक उत्प्रेरक बनने की आकांक्षा रखते हैं, जो उन्हें भविष्य को फिर से परिभाषित करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करते हैं।उद्यम पूंजी शाखा होनहार स्टार्टअप्स को रणनीतिक फंडिंग प्रदान करेगी, उनके विकास को बढ़ावा देगी और उन्हें अपने संचालन को बढ़ाने में सक्षम बनाएगी।स्कोप के विशाल संसाधनों और नेटवर्क का लाभ उठाकर, स्कोप के वीसी का लक्ष्य पोर्टफोलियो कंपनियों के विकास को उत्प्रेरित करना और उन्हें दीर्घकालिक सफलता के लिए तैयार करना है।उद्यम पूंजी शाखा सक्रिय रूप से दूरदर्शी उद्यमियों के साथ साझेदारी की तलाश करेगी, इससे उन्हें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और परिवर्तनकारी व्यवसाय मॉडल के माध्यम से परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने के लिए सशक्त बनाया जा सके।स्कोप ने 20,000 से अधिक एंजेल निवेशकों, 7,000 से अधिक वीसी, 200 पारिवारिक कार्यालयों और 400 से अधिक स्टार्टअप के लिए फंडिंग की सुविधा के साथ साझेदारी की है।

मेरी जिससे नहीं जमेगी वो बिग बॉस से होगा बेघर: ईशा मालविया

बिग बॉस 17 के आगामी एपिसोड में घर की कप्तान ईशा मालविया यह तय करती नजर आएंगी कि नॉमिनेटेड लोगों में से किसे बाहर किया जाएगा। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि किसने घर के नियम तोड़े हैं।

इस सप्ताह के नॉमिनेटेड प्रतियोगियों में ऐश्वर्या शर्मा भट्ट, नील भट्ट, अंकिता लोखंडे और अनुराग डोभाल शामिल हैं।चैनल द्वारा साझा किए गए प्रोमो में ईशा को बिग बॉस कहते हैं, नियम तोड़ने के आधार पर कौन इस हफ्ते बेघर होता है, फैसला आपका होगा।ईशा ने कहा कि वह उस शख्स को बाहर करना चाहेंगी जिसके साथ उनकी ज्यादा नहीं बनती।उन?होंने कहा, मैं चाहूंगी जिनसे मेरी कम लेवल पर बनती है, मैं उनको हटाऊं।नील भट्ट की प्रतिक्रिया को देखते हुए ऐसा लगता है कि उनकी पत्नी ऐश्वर्या शर्मा भट्ट को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।

ईशा द्वारा लिया गया निर्णय सुनकर नील ने कहा, क्या? नियम तोड़ने पे।मुनव्वर फारकी ने कहा, क्या बेवकूफी भरा फैसला है।गार्डन एरिया में ईशा को घर के सदस्यों को यह कहते हुए सुना जाता है कि यह उसका कॉल था।इस पर नील ने कहा, आप यहां रहने के लायक नहीं हैं।ईशा ने जवाब दिया, मेरी जिससे नहीं जमेगी वो जाओ।

पंकज की फिल्म मैं अटल हूं का पहला गाना रिलीज

पंकज त्रिपाठी स्टारर फिल्म मैं अटल हूं का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। रवि जाधव के निर्देशन में बनी यह फिल्म जल्द रिलीज होने वाली है। पंकज त्रिपाठी बॉलीवुड के मंझे हुए स्टार्स में से एक हैं और इस फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं। अब मेकर्स ने इसका पहला गाना भी जारी कर दिया है। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती के खास मौके पर मेकर्स ने मैं अटल हूं का पहला गाना देश पहले जारी कर दिया है। इस गाने में देशभक्ति का जुनून देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही यह गाना इतिहास को फिर से लिखने वाले कवि अटल बिहारी वाजपेयी की दुनिया में ले जाता है। देश पहले गाने को जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी है और इसके बोल मशहूर गीतकार मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। देश पहले गाने की रिलीज की जानकारी पंकज त्रिपाठी ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी है। गाने का वीडियो शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा, दुनिया के सारे सुख पीछे, मेरा देश पहले। पंकज त्रिपाठी के फैंस और अन्य लोगों को यह गाना काफी पसंद आ रहा है। हर कोई सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ कर रहा है। कुछ दिनों पहले ही रिलीज किए गए 3 मिनट 37 सेकंड के इस फिल्म के ट्रेलर में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन और राजनीति संघर्षों को बखूबी दिखाया गया। कैसे अटल बिहारी देश के लोकप्रिय राजनेता बने उनकी झलक आपको इस मूवी के ट्रेलर में आसानी से देखने को मिल जाएगी।

सड़क हादसों में 12 % की बढ़त, छत्तीसगढ़ में 982 लोगों ने गंवाई जान

रायपुर/नवप्रदेश। देश में सड़क दुर्घटनाओं में 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। केंद्र सरकार की ओर से इस संबंध में रिपोर्ट जारी की है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में सड़क दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

साथ ही इस रिपोर्ट में सड़क हादसों में बढ़ोतरी के कारणों का भी जिक्र किया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ में अब तक 982 लोगों ने सड़क हादसे में अपनी जान गंवाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल यानी 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 1,68,491 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 4,43,366 लोग घायल हुए थे। पिछले वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मरने वालों की संख्या में 9.4 फीसदी और घायलों की संख्या में 15.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

सीट बेल्ट न लगाना भी मौत का एक कारण है

आंकड़ों के मुताबिक, कार दुर्घटनाओं में सीट बेल्ट नहीं पहनने वाले 16,715 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 8300 लोग कार चला रहे थे, जबकि 8331 लोग कार से यात्रा कर रहे थे। इस बीच अगर लोगों को ऐसे सड़क हादसों से बचाना है तो उन्हें जागरूक करना होगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान बचाई जा सके। सरकार का मानना है कि ड्राइवरों के लिए विभिन्न शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की जरूरत है।

हादसों की यह वजह

रिपोर्ट में कहा गया है कि सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण ओवरस्पीडिंग है। इसके अलावा, लापरवाही से गाड़ी चलाने, नशे में गाड़ी चलाने और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण पिछले कुछ वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हो रही है।

हेलमेट न पहनना है सबसे खतरनाक

पोर्ट के मुताबिक, हेलमेट की कमी के कारण बाइक दुर्घटनाओं में 50,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। बाइक दुर्घटनाओं में 35,692 लोगों की मौत हुई। जबकि 14,337 लोगों की मौत बिना हेलमेट के बाइक चलाने से हुई।

छत्तीसगढ़ में हाईवे पर 2023 में 4115 हादसे

छत्तीसगढ़ पुलिस के आकड़ों के मुताबिक 2023 में हाईवे पर 4115 हादसे हुए हैं। इसमें से नेशनल हाइवे अर्थारिटी आफइंडिया के आधीन हाइवे पर 2082 हादसों में 982 लोगों ने जान गवाई है। वहीं स्टेट हाइवे पर एक साल में 2033 हादसे हुए हैं, जिनमें 903 लोगों की जानें गई हैं।

न्यूज गैलरी

बाड़ा में बना रहे थे महुआ शराब महिला सहित तीन गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। भलपहरी (मुक्ता) के कुछ ग्रामीणों ने घर के पीछे डबरी को घेरकर बनाए बाड़ा में कच्ची शराब बना रहे थे। जानकारी मिलने पर आबकारी विभाग की टीम ने दबिश दी, तब बाड़े के भीतर रखे 134 लीटर महुआ शराब मिला। साथ ही 720 किलो महुआ लहान को जब्त कर मौके पर ही नष्ट किया गया। मामले में एक महिला समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा अवैध शराब समेत मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने निर्देश दिया है, इसके बाद सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बख्शी की अगुवाई में वृत्त प्रभारियों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक डा सुकांत पांडेय और उनकी टीम ने कार्रवाई की। उपनिरीक्षक पांडेय को मुखबीर ने सूचना दी कि ग्राम भलपहरी के मुक्ता में कुछ ग्रामीणों ने डबरी को घेरकर बाड़ा बनाया है और उसमें अवैध शराब बनाने का कारोबार किया जा रहा है। मुखबीर की सूचना पर पांडेय ने मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, नगर सैनिक प्रजेश सिंह, कुंदन चंद्रा, पवन राजवाड़े व कृष्णा राजवाड़े के साथ दबिश दी। इस दौरान जवाहर व लक्ष्मीन से 88 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। उनसे 560 किलो महुआ लहान भी मिला, जबकि कुमार सिंह 46 लीटर महुआ शराब और 160 किलो महुआ लहान के साथ हत्थे चढ़ गया। टीम ने महुआ लहान को मौके पर ही नष्ट कर दिया। मामले में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को जेल दाखिल कराया गया है।

ग्रामों में मनाया गया सुशासन दिवस

कोरबा/नवप्रदेश। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आज सुशासन दिवस मनाया गया। इस दौरान ग्रामों में निर्मित अटल चैकों पर श्री वाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन माल्यार्पण कर उनका नमन किया गया। सुशासन दिवस हेतु अटल चैकों एवं अटल स्तंभों को आकर्षक रंग-रोगन कर सजाया गया था। साथ ही अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी की आकांक्षा अनुसार विकसित भारत बनाने के लिए ग्रामीणों को सुशासन का संकल्प दिलाया। साथ ही शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों के साफसफाई किया गया। इस अवसर पर संबंधित ग्रामों के सरपंच, पंच, स्थानीय जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, सचिव, ग्रामीणजन, स्वसहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।

पांच नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण 32 बड़े वारदातों में थे शामिल

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। बीजापुर विधायक के फालो वाहन में हमला करने समेत 32 बड़े वारदातों को अंजाम देने वाले पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पायकु हेमला, गुड्डू ताती, सन्नू ताती, संतु पोटाम और सोनारू पोटाम ने बीजापुर पुलिस के सामने आत्मसमर्पित किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत 25000-25000 रुपए नगद प्रोत्साहन राशि दी गई। पुलिस ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों ने नक्सली संगठन में उपेक्षा और भेदभाव पूर्ण व्यवहार से त्रस्त होकर बीजापुर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सलियों में गंगालूर और भैरमगढ़ एरिया कमेटी के मिलिशिया कमांडर समेत डिप्टी कमांडर, मिलिशिया सदस्य और जीआरडी के सदस्य शामिल है।

उमेश पटेल बन सकते हैं विधायक दल के उपनेता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने अपने विपक्ष का नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत को चुन लिया है। अब चर्चा है कि जल्द ही कांग्रेस विधायक दल के लिए एक उपनेता के नाम की घोषणा करने वाली है। नागपुर में महारैली के बाद उपनेता के नाम को लेकर चर्चा होगी। कांग्रेस ने इससे पहले भी विपक्ष में रहते हुए पिछले तीन बार भी उपनेता बनाए थे। माना जा रहा है कि अब आगामी विधानसभा के बजट सत्र के पहले ही यह नियुक्ति कर दी जाएगी।

उपनेता के अलावा विधायक दल के लिए सचेतक की भी नियुक्ति होगी। कांग्रेस पार्टी में उपनेता के लिए उमेश पटेल, वरिष्ठ विधायकों में भोलाराम साहू और दलेश्वर साहू के नामों को लेकर चर्चा है। उपनेता की दौड़ में में उमेश का नाम सबसे आगे चल रहा है। संभावना है कि इनके नाम को लेकर सहमति बन सकती है। पटेल का नाम नेता प्रतिपक्ष के लिए चर्चा में था। कांग्रेस विधायक दल में उपनेता को लेकर अंदरूनी

चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक विधायकों से रायशुमारी के बाद पूर्व प्रभारी कुमारी सैलजा ने नेता प्रतिपक्ष के लिए विधायकों का मन टटोला था। अब प्रभारी बदलने के बाद नए प्रभारी महासचिव सचिन पायलट भी विधायकों से औपचारिक चर्चा कर सकते हैं।

कांग्रेस के पास 35 विधायक

2023 विधानसभा चुनाव के नतीजों में कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं को हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के पास वैसे तो 35 विधायक हैं, लेकिन इनमें से 14 विधायक पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं। बाकी 21 में आधे से ज्यादा दूसरी बार विधायक बने हैं। कांग्रेस पार्टी को इस बार कुल 35 विधानसभा सीटों में जीत हासिल हुई है। वहीं भाजपा ने 54 सीट पर जीत दर्ज की। जबकि गोंगपा ने एक सीट जीती।

अब तक यह बने उपनेता

कांग्रेस पार्टी अब तक 3 बाद विपक्ष में रही है। तीनों बार नेता प्रतिपक्ष के साथ-साथ उपनेता भी चुना गया था। इनमें वर्ष 2003 में भूपेश बघेल, वर्ष 2008 में रामपुकार सिंह और 2013 में रेणु जोगी को उपनेता बनाया गया था। उपनेता के अलावा मुख्य सचेतक और सचेतक की भी नियुक्ति किया जाना है। सदन में पार्टी व्हिप जारी करने की स्थिति में सचेतकों की भूमिका होगी। किसी राजनैतिक दल में सचेतक (ह्विप) वो व्यक्ति होता है जो उस दल में अनुशासन बनाये रखने की जिम्मेदारी जिसके पास होती है।

बस्तर संभाग के डेढ़ लाख किसानों को मिला धान का बकाया बोनस

बस्तर/नवप्रदेश। सोमवार 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के मौके पर भाजपा की नई सरकार ने किसानों के खाते में साल 2016-17 और 17- 18 की एकमुश्त बोनस की राशि किसानों के खाते में डाल दिए हैं। बस्तर संभाग के 7 जिलों के 1 लाख 43 हजार 555 किसानों को इसका लाभ मिला है। जानकारी के मुताबिक इन किसानों के खाते में 187 करोड़ 61 लाख रुपये धान के बोनस की एकमुश्त राशि खाते में डाली गई है। किसानों के खाते में पैसे आने के बाद बस्तर के सभी किसानों के बांछे खिल गए हैं। भाजपा ने साल 2016-17 और 17- 18 में सभी किसानों को धान का बोनस देने का वादा किया था, लेकिन भाजपा सरकार किसानों की यह राशि नहीं दे पाई थी। इसके बाद 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की दोबारा सरकार बनने पर सोमवार 25 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती के मौके पर भाजपा द्वारा मनाए जा रहे सुशासन दिवस पर

किसानों के खाते में 2 साल का बोनस एकमुश्त दिया गया।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र के किसानों ने कहा मिली बड़ी राहत

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर के किसानों से भी वर्चुअल रूप से जुड़कर बातचीत की और उनके खाते में पैसे डालें। जानकारी के मुताबिक बस्तर संभाग के 1 लाख 43 हजार 555 किसानों को 187 करोड़ 61 लाख धान का बोनस एकमुश्त डाला गया। इनमें से ऐसे कई किसान हैं जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र से भी है। इन्हें भी बोनस की राशि मिलने से किसान काफी खुश नजर आए। सुकमा, नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के किसानों ने बोनस राशि मिलने से काफी खुशी जाहिर की है। इधर इस कार्यक्रम में जगदलपुर के विधायक और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बस्तर जिले के 10 लैम्प्स के 50 किसानों को बोनस प्रमाण पत्र भी दिया।

3100 रुपए क्विंटल में हो रही धान खरीदी

बस्तर के किसानों का कहना है कि भाजपा ने अपनी घोषणा पत्र में 3100 रुपए क्विंटल में धान खरीदी की भी बात कही थी और बाकायदा उनसे इतने रुपए में धान भी खरीदा जा रहा है। जिन किसानों ने पहले धान बेच दिया है उन्हें भी 3100 रुपए क्विंटल के हिसाब से राशि दिए जाने की घोषणा से किसान काफी खुश हैं।

पीएम आवास की किश्त की राशि नहीं मिलने से घर अधूरा

भटगाव/नवप्रदेश। केंद्र शासन की योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाने वाले लोगों को किश्त की राशि के लिए 1 वर्ष से अधिक समय तक का इंतजार करना पड़ रहा है। हितग्राही परेशान है। नपा का कोई लेना देना नहीं नगर पंचायत भटगांव में हितग्राहियों की परेशानियों से कोई लेनादेना नहीं है और जियो ट्रैकिंग करने वाले भी हितग्राहियों के राशि के संबंधित कार्य को समय पर नहीं करते। इसकी शिकायत पूर्व में नगर में चल रहा है कांग्रेस के कार्यकाल में जन चौपाल कार्यक्रम में की गई थी। इस पर पूर्व क्षेत्रीय विधायक चंद्र देव राय ने ऐसे जियो ट्रैकिंग करने वाले को हटाने की बात कही थी। लेकिन अब तक नगर पंचायत द्वारा पूर्व क्षेत्रीय विधायक की बातों को नजरअंदाज कर आज भी जिओ ट्रैकिंग करने वाले नहीं

हटाया गया जिसके कारण जिओ ट्रैकिंग करने वाले मनमाना कार्य कर रहे है।

किश्त का भुगतान नहीं

जिओ ट्रैकिंग करने वाले नगर में कई ऐसे प्रधानमंत्री आवास जो पहले से प्रारंभ है और जो बाद में प्रारंभ हुआ उसे हर किस्त आसानी से मिलकर लेंटर लेवल तक हो जा रहा है तो किसी का कंप्लीट हो जा रहा है पर कुछ लोगों का निर्माण कार्य पहले किस्त मिलने पर पहले किस्त का कार्य हो जाने के बाद भी दूसरे किस्त के लिए कई महीनों से कार्य लटका हुआ है तो ऐसे भी हितग्राही है।

अयोध्या के लिए भी मिलेगी अब सीधी फ्लाइट सुविधा

■ 15 जनवरी से शुरू होगी हवाई सेवा

रायपुर/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से भगवान राम की नगरी अयोध्या के लिए 15 जनवरी से फ्लाइट चलेगी। इंडिगो एयरलाइंस की यह फ्लाइट वाया मुंबई होते हुए अयोध्या जाएगी। रायपुर से फ्लाइट सुबह 9.30 बजे रवाना होने के बाद सुबह 11.30 बजे मुंबई पहुंचेगी। वहां से 12.30 बजे इंडिगो की दूसरी फ्लाइट अयोध्या के लिए रवाना होगी। वहां 2.45 बजे पहुंचने के बाद अपरांह 3.15 बजे अयोध्या से रवाना होने के बाद शाम 5.40 बजे मुंबई पहुंचेगी। नागर एंव विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से अनुमति मिलने के बाद इंडिगो एयरलाइंस द्वारा नई फ्लाइट चलाने की घोषणा की गई है। साथ ही सभी ट्रैवल्स संचालकों को सूचना भेजकर टिकट बुकिंग शुरू करने कहा गया है। बता दें कि अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया गया है। इसके रनवे और एयरपोर्ट की जांच करने के बाद इसे शुरू कर दिया गया है। अजय ट्रैवल्स के संचालन रमन जादवानी ने बताया कि अयोध्या के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू कर दी गई है। रायपुर से मुंबई जाने के बाद इंडिगो एयरलाइंस की दूसरी फ्लाइट अयोध्या के लिए शुरू की गई है।

हसदेव में जंगल की कटाई

सीएम साय आदिवासी जरूर समझेंगे जल जंगल जमीन का अस्तित्व : सिंहदेव

सरगुजा/नवप्रदेश। हसदेव जंगल में कोल खनन के लिए पेड़ों की कटाई के विरोध में बैठे ग्रामीणों के समर्थन में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव नजर आए। सिंहदेव प्रदर्शनस्थल पहुंचे और ग्रामीणों से बात कर उन्हें हर हाल में संगठित रहने की सलाह दी।

सिंहदेव ने सीएम विष्णुदेव साय पर भी हमला बोला. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के नए सीएम खुद आदिवासी है। वे अच्छी तरह से जानते हैं कि आदिवासियों के लिए जंगल, पेड़, प्रकृति का कितना महत्व हैं। सिंहदेव ने जिला प्रशासन पर भी हमला बोला। उन्होंने अधिकारों का गलत इस्तेमाल ना करने की नसीहत अधिकारियों को दी।

हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई: छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन होते ही 21 दिसंबर से पीईकेबी 2 परियोजना के लिए हसदेव के जंगलों में पेड़ों की कटाई शुरू हो गई है। लगभग 93 हेक्टेयर वन क्षेत्र में 9000 से ज्यादा पेड़ों को काटने की योजना बनाई गई है। हरिहरपुर, साल्ही, घाटबर्रा, फतेहपुर, बासेन, परसा में पेड़ों की कटाई चल रही है। घाटबर्रा, पेंड्रामार जंगल में भी पेड़ काटने की प्रक्रिया जारी है। पेड़ों को काटे जाने के विरोध में ग्रामीणों ने धरना तेज कर दिया है। उनके समर्थन में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहेदव भी ग्रामीणों से मिलने पहुंचे और उनके आंदोलन में शामिल होने की बात कही।

कांग्रेस आदिवासियों के साथः हसदेव अरण्य क्षेत्र में परसा कोल खदान के विरोध में 500 दिनों से धरने पर बैठे ग्रामीणों के बीच पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा ÷पुरानी खदान जिसकी स्वीकृति पहले हो चुकी है उसका विरोध नहीं है। हरिहरपुर, फतेहपुर सहित अन्य प्रभावित गांव के लोग नई खदान के विरोध में हैं।